S.O. 189.—In exercise of the powers conferred by Sub-Section (1) of Section 3 of Livestock Importation Act, 1898 (Act No. IX of 1898) the Central Govt. hereby prohibits the import into India of equine species of animals from U. K. and Ireland for a period of six months from the date of issue of this notification.

Whereas, the ban is imposed considering the reported occurance in U.K. & Ireland of a Veneral disease in horses, caused by an unidentified Gram—negative coccobacillus, the owners of all such animals imported from U.K. & Ireland after 31st March, 1977 are hereby required to notify the details of such animals to this Ministry forthwith. They are further required to get these animals tested by a State/Army/University disease investigation laboratory and obtain a Certificate to the effect that the animals were tested using standard methods and found free from reported veneral infection.

[No. 50-22/77-LDT(LH-AQ)]

B. B. KAPUR, Dy. Secy.

(खाद्य विभाग)

शुद्धि-पत्र

नई दिल्ली, 19 दिसम्बर, 1977

का० आ० 190—इस विभाग के आदेश संख्या 52/7/74-एफ० सी० III (खंड 8) दिनांक 24-11-76 में निम्नलिखित शुद्धियां की जायें :—

स्थानान्तरण आदेश में क्रम संख्या	की जाने वाली शुद्धियां
1.	कालम 5 में दिनांक "3-6-69" के स्थान पर "4-6-69" पढ़ें।

[सं० 52/7/74-एफ़ सी-III (वाल्यूम X)]

(Department of Food)

CORRIGENDUM

New Delhi, the 19th December, 1977

S.O. 190.—In this Department Order No. 52/7/74-FC-III (Vol. VIII) dated 24-11-1976, the following correction shall be carried out :—

S. No. in the Transfer Order	Correction to be carried out.
1	For the date "3-6-69" in col. 5, read "4-6-69".

[No. 52/7/74-FC-III (Vol. X)]

आदेश

नई दिल्ली, 28 दिसम्बर, 1977

का० आ० 191.—यतः केन्द्रीय सरकार ने खाद्य विभाग, क्षेत्रीय खाद्य निदेशालयों, उपाप्ति निदेशालयों और खाद्य विभाग के वेतन तथा लेखा कार्यालयों द्वारा किए जाने वाले खाद्यान्नों के क्रय, भण्डारण, संचलन, परिवहन, वितरण तथा विक्रय के कृत्यों का पालन करना बन्द कर दिया है जोकि खाद्य निगम अधिनियम, 1964 (1964 का 37) की धारा 13 के अधीन भारतीय खाद्य निगम के कृत्य हैं।

और यतः खाद्य विभाग, क्षेत्रीय खाद्य निदेशालयों, उपाप्ति निदेशालयों और खाद्य विभाग के वेतन तथा लेखा कार्यालयों में कार्य कर रहे और उपरिवर्णित कृत्यों के पालन में लगे निम्नलिखित अधिकारियों और कर्मचारियों ने केन्द्रीय सरकार के तारीख 16 अप्रैल, 1971 के परिपत्र के प्रत्युत्तर में उसमें विनिर्दिष्ट तारीख के अन्दर भारतीय खाद्य निगम के कर्मचारी न बनने के अपने आशय की उक्त अधिनियम की धारा 12 ए की उपधारा (1) के परन्तुक द्वारा यथा अपेक्षित सूचना नहीं दी है।

अतः अब खाद्य निगम अधिनियम, 1961 (1964 का 37), यथा अद्यतन संशोधित, की धारा 12ए द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा निम्नलिखित अधिकारियों और कर्मचारियों की प्रत्येक के सामने दी गई तारीख से भारतीय खाद्य निगम में स्थानान्तरित करती है :—

क्रम सं०	अधिकारी/कर्मचारी का नाम	केन्द्रीय सरकार के अधीन किस पद पर स्थायी है	स्थानान्तरण के समय केन्द्रीय सरकार के अधीन किस पद पर है ।	भारतीय खाद्य निगम को स्थानान्तरण की तारीख
1	2	3	4	5
1.	श्री के० एस० गुप्ता	सहायक निदेशक	सहायक निदेशक	1-3-1969
2.	श्री एम० टी० आर० नायर	तकनीकी सहायक	तकनीकी अधिकारी	1-9-1970
3.	श्री डी० सी० जैन	सुपरवाईजर (विपणन आसूचना)	सुपरवाईजर	16-7-1970
4.	श्री के० के० दीवान	गोदाम अधीक्षक	गोदाम अधीक्षक	28-4-1976
5.	श्री सैयद हुसैन अली खान	गुण निरीक्षक	गुण निरीक्षक	1-3-1969
6.	श्री एन० वेंकटस्वरा राव	—	-वही-	1-3-1969
7.	श्री सी० लिंगायाह	—	गोदाम क्लर्क	1-3-1969
8.	श्री एम० डी० अहमद	तकनीकी सहायक	तकनीकी सहायक	1-3-1969
9.	श्री एस० के० एम० डी० हुसैन	टेली क्लर्क	गोदाम क्लर्क	1-3-1969
10.	श्री एम० आर० नाचीनारकिनियन	—	गोदाम क्लर्क	1-3-1969

[सं० 52/7/74-एफ़०सी०-III (खण्ड 10)]

बख्शी राम, उप सचिव

ORDER

New Delhi, the 28th December, 1977

S.O. 191.—Whereas the Central Government has ceased to perform the functions of purchase, storage, movement, transport, distribution and sale of foodgrains done by the Department of Food, the Regional Directors of Food, the Procurement Directorates and the Pay & Accounts Offices of the Department of Food which under Section 13 of the Food Corporations Act, 1964 (37 of 1964) are the functions of the Food Corporation of India;

And whereas the following officers and employees serving in the Department of Food, the Regional Directorates of Food, the Procurement Directorates and the Pay & Accounts Offices of the Department of Food and engaged in the performance of the functions mentioned above have not, in response to the Circular of the Central Government dated the 16th April, 1971 intimated, within the date specified therein, their intention of not be coming employees of the Food Corporation of India as required by the proviso to sub-Section (1) of section 12-A of the said Act;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by Section 12-A of the Food Corporations Act, 1964 (37 of 1964) as amended upto date the Central Government hereby transfers the following officers and employees to the Food Corporation of India with effect from the date mentioned against each of them.

S. No.	Name of the officer/employees	Permanent post held under the Central Govt.	Post held under the Central Govt. at the time of transfer	Date of transfer to the FCI
1	2	3	4	5
1.	Shri K. S. Gupta	Assistant Director	Assistant Director	1-3-1969
2.	Shri M. T. R. Nair	Technical Assistant	Technical Officer	1-9-1970
3.	Shri D. C. Jain	Supervisor (Marketing Intelligence)	Supervisor	16-7-1970
4.	Shri K. K. Dewan	Godown Superintendent	Godown Superintendent	28-4-1976
5.	Shri Syed Hussain Ali Khan	Quality Inspector	Quality Inspector	1-3-1969
6.	Shri N. Venkateswara Rao	—	Do	1-3-1969
7.	Shri C. Lingaiah	—	Godown Clerk	1-3-1969
8.	Shri Md. Ahmed Ali Khan	Teach. Assistant	Tech. Assistant	1-3-1969
9.	Shri Sk. Md. Hussain	Tally Clark	Godown Clerk	1-3-1969
10.	Shri M. R. Nachinarkinian	—	Godown Clerk	1-3-1969

[No. 52/7/74-FC-III (Vol. X)]

BAKHSHI RAM, Dy. Secy.

पर्यटन और नागर विमानन मंत्रालय

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर, 1977

का० आ० 192—अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 1971 (1971 का 43) की धारा 5 की उप-धारा (4) के साथ पठित धारा 3 की उप-धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क तथा सीमा-शुल्क बोर्ड के सदस्य (सीमा-शुल्क), श्री जी० एस० साहनी को श्री एम० जी० अब्रोल के स्थान पर तत्काल तथा 12-11-1979 तक भारत अंतराष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण का एक अंशकालिक सदस्य नियुक्त करती है ।

[सं० ए० वी० 24012/3/77-ए०ए०]

सी० एल० ढींगरा, उप-सचिव,

MINISTRY OF TOURISM AND CIVIL AVIATION

New Delhi, the 31st December, 1977

S.O. 192.—In exercise of the powers conferred by sub-section (3) of Section 3 read with Sub-section (4) of Section 5 of the International Airports Authority Act, 1971 (43 of 1971), the Central Government hereby appoints Shri G. S. Sawney, Member (Customs), Central Board of Excise & Customs as a part-time Member of the International Airports Authority of India with immediate effect till 12-11-79, vice Shri M. G. Abrol.

[No. AV. 24012/3/77-AA]

C. L. DHINGRA, Dy. Secy.

नई दिल्ली, 7 जनवरी, 1978

का० आ० 193—यतः 1 जनवरी, 1978 को एयर इंडिया का एक बोइंग 747 विमान वी० टी० ई० बी० डी० बम्बई से उड़ान सं० ए० आई०-855 का परिचालन करते समय बम्बई के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके परिणामस्वरूप विमान पर सवार 213 व्यक्तियों (जिनमें 23 विमान कार्मिक भी सम्मिलित थे) की मृत्यु हो गयी;

और यतः केन्द्रीय सरकार यह अनुभव करती है कि उक्त दुर्घटना की परिस्थितियों की औपचारिक जांच करना वांछनीय है ;

अतः, अब, वायुयान नियम, 1937 के नियम 75 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा निदेश करती है कि उक्त दुर्घटना की औपचारिक जांच की जाए ।

केन्द्रीय सरकार उक्त जांच करने लिए के बम्बई उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, श्री जस्टिस एम० एन० चन्दुरकर को नियुक्त करती है ।

केन्द्रीय सरकार उक्त जांच करने के लिए असेसरों के रूप में कार्य करने के लिए निम्नलिखित को भी नियुक्त करती है :—

1. एयर कामोडोर पी० एसदरे,
   वायु सेना मुख्यालय,
   नई दिल्ली ।

2. कैप्टेन आर० ए० विलियम्स,
   प्रशिक्षण निदेशक,
   केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान,
   इंडियन एयरलाइंस ।

3. श्री ए० वी० वरतक,
   नागर विमानन के सेवा-निवृत्त उप-महानिदेशक ।

4. श्री आर० वरदराजन्,
   प्रोजेक्ट को-आर्डिनेटर तथा इंचार्ज
   डिजाइन ब्यूरो
   हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड,
   बंगलौर ।

जांच अदालत 31 मार्च, 1978 तक अपनी जांच पूरी कर लेगी और केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर देगी ।

जांच अदालत का मुख्यालय बम्बई में होगा ।

[फा० सं० ए० वी० 15013/1/78-ए]

एस० एकाम्बरम्, उप-सचिव

New Delhi, the 7th January, 1978

S.O. 193.—Whereas on 1st January, 1978 an Air India Boeing 747 aircraft VT-EBD while operating flight No. AI-855 from Bombay crashed near Bombay resulting in the death of 213 persons (including 23 crew members) on board;

And whereas it appears to the Central Government that it is expedient to hold a formal investigation into the circumstances of the said accident;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by rule 75 of the Aircraft Rules, 1937, the Central Government hereby directs that a formal investigation of the said accident be held.

The Central Government is further pleased to appoint Shri Justice M. N. Chandurkar, Judge of the Bombay High Court to hold the said investigation.

The Central Government is also pleased to appoint :

(1) Air Commodore P.S. Dere,
Air Headquarters,
New Delhi.

(2) Capt. R. A. Williams,
Director of Training,
Central Training Establishment,
Indian Airlines.

(3) Shri A. V. Vartak,
Retd. Deputy Director General of Civil Aviation.

(4) Shri R. Varadarajan,
Project Co-ordinator and Incharge Design Bureau,
Hindustan Aeronautics Limited, Bangalore.

to act as assessors to the said investigation.

The Court of Inquiry will complete its inquiry and make its report to the Central Govegnment by 31st March, 1978.

The headquarters of the Court of Inquiry will be at Bombay.

[F. No. Av. 15013/1/78-A]

S. EKAMBARAM, Dy. Secy.

नौवहन व परिवहन मंत्रालय

(परिवहन पक्ष)

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर, 1977

का० आ० 194—राष्ट्रीय नौवहन बोर्ड नियम, 1960 के नियम 4 के उपनियम (2) के साथ पठित व्यापार पोत अधिनियम 1958 (1958 का 44) की धारा 4 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा नौसेना नौसेना मुख्यालय के उपाध्यक्ष की राष्ट्रीय नौवहन बोर्ड में केन्द्रीय सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाला सदस्य नियुक्त करती है, और भारत सरकार के नौवहन और परिवहन मंत्रालय (परिवहन पक्ष) की अधिसूचना सं० सा० आ० 1245,

दिनांक 13/15 मार्च, 1976 में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :—

उक्त अधिसूचना में क्रम सं० 11 के सामने की प्रविष्टि के लिए "नौसेना के उपाध्यक्ष नौसेना मुख्यालय" रखी जाए।

[सं० एम. एस. बी.-3/75 एम डी]

सु० रामचन्द्र राव, अवर सचिव।

MINISTRY OF SHIPPING AND TRANSPORT

(Transport Wing)

New Delhi, the 24th December, 1977

S.O. 194.—In exercise of the powers conferred by sub-tion 4 of the Merchant Shipping Act, 1958 (44 of 1958), read with sub-rule (2) of rule 4 of the National Shipping Board Rules, 1960, the Central Government hereby appoints the Deputy Chief of the Naval Staff, Naval Headquarters, as a Member representing the Central Government in the National Shipping Board and makes the following amendment in the notification of the Government of Iddia in the Ministry of Shipping and Transport (Transport Wing) S.O. No. 1245 dated the 13/15th March, 1976, namely :—

In the said notification for the entry against S. No. 11, the entry "Deputy Chief of Naval Staff, Naval Headquarters" shall be substituted.

[No. MSB-3/75-MD]

S. RAMACHANDRA RAO, Under Secy.

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर, 1977

(व्यापार-पोत)

का०आ० 195.—व्यापार पोत अधिनियम, 1958 (1958 का 44) की धारा 237 और 238 के उपबंधों के अनुसरण में, और इस विषय पर पिछली सभी अधिसूचनाओं का अधिक्रमण करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा नीचे दी गयी सारणी के स्तम्भ 1 में विनिर्दिष्ट पत्तनों को उन पत्तनों के रूप में नियत करती है, जहां से अनबर्थड यात्री जहाज प्रस्थान अथवा प्रगमन कर सकते हैं अथवा जहां पर वे उपरोक्त धारा 238 के प्रयोजनों के लिए सारणी के स्तंभ 2 में तदनुरूपी प्रविष्टियों में निर्दिष्ट अधिकारियों और अनबर्थड यात्रियों को उतार सकते हैं।

सारणी

पत्तन 1	अधिकारी 2
काण्डला	उप-संरक्षक, काण्डला पत्तन, गांधीधाम।
माण्डवी	उप-इंजीनियर, पत्तन अधिकारी, माण्डवी, कच्छ।
बेदी	सर्वेक्षक प्रभारी, एम एम डी, बेदी बंदर, जामनगर।
ओखा	पत्तन अधिकारी, ओखा।
पोरबन्दर	पत्तन अधिकारी, पोरबन्दर।
वेरावाल/नवाबन्दर	पत्तन अधिकारी, वेरावाल।
जफराबाद	पत्तन अधिकारी, महुआ।
बम्बई	मुख्य अधिकारी, एम एम डी, बम्बई, अधिनियम की धारा 9(1) के अन्तर्गत बम्बई में सर्वेक्षक नियुक्त।
थूल (रेवास)	सहायक पत्तन अधिकारी, बंदरा
रेवडांडा	यथोक्त
धरमतार मुरूद जंजीरा श्रीवर्धन	सहायक पत्तन अधिकारी, मुरूद।
हरनाई डभोल पालशेट बोरया जेगढ़ वशावदा सीवरी रत्नगिरी मलाद पूरणगढ़ भुसकजई	पत्तन अधिकारी, रत्नगिरी।
जैतापुर विजयदुर्ग देवगढ़ अचरा	सहायक पत्तन अधिकारी, विजयदुर्ग।
मालवान वेंगुरला	पत्तन अधिकारी, वेंगुरला।
पंजीम मारमुगाव	सर्वेक्षक, एम एम डी, अधिनियम की धारा 9(1) के अधीन मारमुगाव और पंजीम में नियुक्त।
अल्लेपी	राज्य पत्तन अधिकारी, केरल, अल्लेपी
त्रिवेंद्रम	पत्तन संरक्षक, त्रिवेंद्रम।
कोचीन	सर्वेक्षक प्रभारी, एम एम डी, कोचीन, अधिनियम की धारा 9(1) के अधीन नियुक्त।
क्यूलोन	पत्तन संरक्षक, क्यूलोन
कोजीकोड	पत्तन अधिकारी, कोजीकोड
कुड्डालोर	पत्तन अधिकारी, कुड्डालोर
नागापट्टीनम् पम्बान	पत्तन अधिकारी, नागापट्टीनम्
रामेश्वरम्	पत्तन अधिकारी, रामेश्वरम्
मद्रास	मुख्य अधिकारी, एम एम डी, मद्रास। अधिनियम की धारा 9(1) के अधीन मद्रास में सर्वेक्षक के पद पर नियुक्त।
काकीनाडा	पत्तन अधिकारी, काकीनाडा
मुसलीपट्नम	पत्तन अधिकारी, मुसलीपट्नम।
विशाखापत्तनम्	सर्वेक्षक, एम एम डी, अधिनियम की धारा 9(1) के अधीन विशाखापत्तनम् में नियुक्त।
गोपालपुर	पत्तन अधिकारी, गोपालपुर।
पारादीप	उप-संरक्षक, पारादीप पत्तन न्यास, पारादीप।
कलकत्ता	मुख्य अधिकारी, एम एम डी, अधिनियम की धारा 9(1) के अधीन कलकत्ता में नियुक्त सर्वेक्षक।
न्यू मंगलौर (मंगलौर सहित)	उप-संरक्षक, नव मंगलौर पत्तन।
नव तूतीकोरिन (तूतीकोरिन सहित)	उप-संरक्षक, नव तूतीकोरिन पत्तन।

[सं० 2-एम एम डी (42)/73 एम ए]

श्रीमती भवानी निर्मल, अवर सचिव।

New Delhi, 31st December, 1977

(Merchant Shipping)

S.O. 195.—In pursuance of the provisions of sections 237 and 238 of the Merchant Shipping Act, 1958 (44 of 1958), and in supersession of all the previous notifications on the subject, the Central Government hereby appoints the posts specified in column 1 of the Table below as the ports from which an unberthed passenger ship may depart or proceed or at which may discharge unberthed passengers, and the officers specified

in the correspnding entries in column 2 thereof for the purposes of the said section 238 :

TABLE

Ports	Officers
Kandla	Deputy Conservator, Kandla Port, Gandhidham.
Mandvi	Deputy Engineer and Port Officer, Mandvi, Kutch.
Bedi	Surveyor-in-charge, MMD, Bedi Bunder, Jamnagar.
Okha	Port Officer, Okha.
Porbandar	Port Officer, Porbandar.
Veraval, Nawabander	Port Officer, Veraval.
Jafrabad	Port Officer, Mahuva.
Bombay	Principal Officer, MMD, Bombay, Surveyor appointed at Bombay under Section 9(1) of the Act.
Thul (Rewas)	Assistant Port Officer, Bandra.
Revdanda	Assistant Port Officer, Bandra.
Dharamtar, Murud (Janjira), Shrivardhan	Assistant Port Officer, Murud.
Harnai, Dabhol, Palshet, Borya, Jaigad, Varavda (Tiwri), Ratnagiri, Salad, Purnagad, Musakazai	Port Officer, Ratnagiri.
Jaitpur, Vijaydurg, Deogad, Achra	Assistant Port Officer, Vijaydurg.
Malvan, Vengurla	Port Officer, Vengurla.
Panjim, Marmugao	Surveyor, MMD, appointed at Marmugao and Panjim under Section 9(1) of the Act.
Alleppey	State Port Officer, Kerala, Alleppey.
Trivandrum	Port Conservator, Trivandrum.
Cochin	Surveyor-in-Charge, MMD, Cochin, appointed under Section 9(1), of the Act.
Quilon	Port Conservator, Quilon.
Kozhikode	Port Officer, Kozhikode.
Cuddalore	Port Officer, Cuddalore.
Nagapattinam, Pamban	Port Officer, Nagapattinam.
Rameshwaram	Port Officer, Rameshwaram.
Madras	Principal Officer, MMD, Madras. Surveyor at Madras appointed under Section 9(1) of the Act.
Kakinada	Port Officer, Kakinada.
Masulipatnam	Port Officer, Musulipatnam.
Visakhapatnam	Surveyor, MMD, appointed at Visakhapatnam under Section 9(1) of the Act.
Gopalpur	Port Officer, Gopalpur.
Paradip	Deputy Conservator, Paradip Port Trust, Paradip.
Calcutta	Principal Officer, MMD Calcutta Surveyor appointed at Calcutta under Section 9(1) of the Act.
New Mangalore (including Mangalore)	Deputy Conservator, Port of New Mangalore.
New Tuticorin (including Tuticorin)	Deputy Conservator, Port of New Tuticorin.

[No. 2-MMD(42)/73-MA]
SMT. B. NIRMAL, Under Secy.

नई दिल्ली, 2 जनवरी, 1978

का०आ० 196.—कोचीन डाक कर्मकार (नियोजन का विनियमन) स्कीम, 1959 में और संशोधन करने के लिए स्कीम का एक प्रारूप, डाक कर्मकार (नियोजन का विनियमन) अधिनियम, 1948 (1948 का 9) की धारा 4 की उपधारा (1) की अपेक्षानुसार, भारत के राजपत्र भाग 2, खंड 3 उपखंड (ii), तारीख 10 सितम्बर, 1977 के पृष्ठ ..... पर भारत सरकार के नौवहन और परिवहन मंत्रालय (परिवहन पक्ष) की अधिसूचना सं० का०आ० 2830, तारीख 24 अगस्त, 1977 के अन्तर्गत प्रकाशित किया गया था, जिसमें उन सभी व्यक्तियों से, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी, राजपत्र में उक्त अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो मास की अवधि के अवसान तक, आक्षेप और सुझाव मांगे गए थे ;

और उक्त राजपत्र जनता को 20 सितम्बर, 1977 को उपलब्ध करा दिया गया था ;

और केन्द्रीय सरकार को उक्त प्रारूप की यथात जनता से कोई आक्षेप और सुझाव प्राप्त नहीं हुए हैं ;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कोचीन डाक कर्मकार (नियोजन का विनियमन) स्कीम, 1959 में संशोधन करने के लिए निम्नलिखित स्कीम बनाती है, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ : (1) इस स्कीम का संक्षिप्त नाम कोचीन डाक कर्मकार (नियोजन का विनियमन) संशोधन स्कीम 1978 है ।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी ।

2. कोचीन डाक कर्मकार (नियोजन का विनियमन) स्कीम, 1959 के खंड 38 में, उपखंड (6) के पश्चात्, निम्नलिखित उपखंड अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्

"(7) कोई रजिस्ट्रीकृत नियोजन किसी रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार को, रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार को सामान्यतः और वस्तुतः शोध्य मजदूरी से अधिक कोई चीज नकद या अन्यथा, न संवत्त करेगा, न संदत्त करायेगा और न संदत्त करने के लिए दुष्प्रेरण करेगा ।"

[फा० सं० एल डी एक्स/6/77]

वी० शंकरलिंगम, अवर सचिव

New Delhi, the 2nd January, 1978

S.O. 196.—Whereas certain draft scheme further to amend the Cochin Dock Workers (Regulation of Employment) Scheme, 1959 was published as required by sub-section (1) of section 4 of the Dock Workers (Regulation of Employment) Act, 1948 (9 of 1948) at page 3084 of the Gazette of India, Part II, section 3, sub-section (ii), dated the 10th September, 1977 under the notification of the Government of India in the Ministry of Shipping and Transport (Transport Wing) No. S.O. 2830, dated the 24th August, 1977 inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby, till the expiry of a period of two months from the date of publication of the said notification in the Official Gazette;

And whereas the said Gazette was made available to the public on the 20th September, 1977;

And whereas no objections and suggestions have been received from the public on the said draft by the Central Government;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 4 of the said Act, the Central Government hereby makes the following Scheme to amend the Cochin Dock Workers (Regulation of Employment) Scheme, 1959, namely :—

1. Short title and commencement.- This Scheme may be called the Cochin Dock Workers (Regulation of Employment) Amendment Scheme, 1978.

(2) It shall come into force on the date of its publication in the Official Gazette.

2. In clause 38 of the Cochin Dock Workers (Regulation of Employment) Scheme, 1959, after sub-clause (6), the following sub-clause shall be inserted, namely :—

"(7) A registered employer shall not pay or cause to be paid or abet the payment to a registered dock worker anything in cash or otherwise in excess of the wages normally and actually due to the registered dock worker."

[File No. LDX/6/77]

V. SANKARALINGAM, Under Secy.

निर्माण और आवास मंत्रालय

नई दिल्ली, 4 जनवरी, 1978

का० आ० 197.—यतः केन्द्रीय सरकार का दिल्ली की बृहत् योजना में निम्नलिखित क्षेत्रों के बारे में जो कतिपय संशोधन करने का प्रस्ताव है, उन्हें दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 (1957 का 61वां) की धारा 44 के उपबन्धों के अनुसार दिनांक 31 जुलाई, 1971 के नोटिस सं० एफ० 3(36) 70-एम०पी० में प्रकाशित किया गया था और उक्त अधिनियम की धारा 11-ए० की उप-धारा (3) में यथा अपेक्षित उक्त नोटिस के जारी होने की तारीख से 30 दिन के अन्दर आपत्तियां/सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

तथा यतः निम्नलिखित उक्त संशोधन के बारे में आपत्ति/सुझाव पर विचार करने के बाद केन्द्रीय सरकार ने दिल्ली की बृहत् योजना में संशोधन करने का निर्णय किया है;

अतः अब उक्त अधिनियम की धारा 11-ए० की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार ने इस अधिसूचना के भारत के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से दिल्ली की उक्त बृहत् योजना में निम्नलिखित संशोधन किए हैं :—

संशोधन :

"लगभग 1.12 हैक्टेयर (2.76 एकड़) के आकार का क्षेत्र जो उत्तर में ओबराय इण्टरकान्टीनेंटल होटल, पूर्व में 45.7 मीटर (150 फुट) चौड़े लिंक रोड, दक्षिण में ब्लाइण्ड इन्स्टीट्यूट और पश्चिम में गोल्फ कोर्स के अन्तर्गत क्षेत्र से घिरा है, को मनोरंजनात्मक (जिला पार्क तथा खेल के मैदान) से वाणिज्यिक में बदल दिया गया है।"

[संख्या के०-13011(6)/70-यू०डी०आई० (ए०)]

हरी राम गोयल, अवर सचिव

MINISTRY OF WORKS & HOUSING

New Delhi, the 4th January, 1978

S.O. 197.—Whereas certain modification, which the Central Government propose to make in the Master Plan for Delhi regarding the areas mentioned hereunder, was published with Notice No. F. 3 (36) 70-MP, dated the 31st July, 1971, in accordance with the provisions of section 44 of the Delhi Development Act, 1957 (61 of 1957) inviting objections/suggestions, as required by sub-section (3) of section 11-A of the said Act, within thirty days from the date of the said notice;

And whereas the Central Government, after considering the objection and suggestion with regard to the said modification mentioned hereunder, have decided to modify the Master Plan for Delhi;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (2) of section 11-A of the said Act, the Central Government hereby make the following modification in the said Master Plan for Delhi with effect from the date of publication of this notification in the Gazette of India, namely :—

MODIFICATION :

"An area measuring about 1.12 hects. (2.76 acres) surrounded by Oberoi Intercontinental Hotel in the north, 45.7 metres (150 feet) wide link road in the east, Institute of Blinds in the south and the area under Golf Course in the west, is changed from recreational (District Parks and Playgrounds) to "commercial"."

[No. K-13011 (6)/70-UDI (A)]

H. R. GOEL, Under Secy.

संचार मंत्रालय

(डाक-तार बोर्ड)

नई दिल्ली, 10 जनवरी, 1978

का०आ० 198.—का०आ०संख्या 627, दिनांक 8 मार्च, 1960 द्वारा लागू किए गए भारतीय तार नियम, 1951 के नियम 434 के खंड III के पैरा (क) के अनुसार डाक-तार महानिदेशक ने बाराबंकी टेलीफोन केन्द्र में दिनांक 16-2-78 से प्रमाणित दर प्रणाली लागू करने का निश्चय किया है।

[संख्या 5-3/78 पी०एच०बी०]

MINISTRY OF COMMUNICATIONS

(P & T Board)

New Delhi, the 10th January, 1978

S.O. 198.—In pursuance of para (a) of Section III of Rule 434 of Indian Telegraph Rules, 1951, as introduced by S. O. No. 627 dated 8th March, 1960, the Director General, Posts and Telegraphs, hereby specifies the 16-2-1978 as the date on which the Measured Rate System will be introduced in Barabanki Telephone Exchange, U.P. Circle.

[No. 5-3/78-PHB]

का०आ० 199.—स्थायी आदेश संख्या 627, दिनांक 8 मार्च, 1960 द्वारा लागू किए गए भारतीय तार नियम, 1951 के नियम 434 के खंड III के पैरा (क) के अनुसार डाक-तार महानिदेशक ने हल्दिया टेलीफोन में दिनांक 1-2-1978 से प्रमाणित दर प्रणाली लागू करने का निश्चय किया है।

[संख्या 5-4/78 पी०एच०बी०]

के० बी० मुदगल, सहायक महानिदेशक (पी०एच०बी०)

S.O. 199.—In pursuance of para (a) of Section III of Rule 434 of Indian Telegraph Rules, 1951, as introduced by S. O. No. 627 dated 8th March, 1960, the Director General, Posts and Telegraphs, hereby specifies the 1-2-1978 as the date on which the Measured Rate System will be introduced in Haldia Telephone Exchange, West Bengal Circle.

[No. 5-4/78-PHB]

K. B. MUDGAL, Assistant Director General (PHB)

रेल मंत्रालय

(रेलवे बोर्ड)

नई दिल्ली, 12 जनवरी, 1978

का०आ० 200.—भारतीय रेल अधिनियम, 1890 (1890 का 9) की धारा 56ख की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, अपना यह समाधान हो जाने पर कि किसी रेलवे स्टेशन तक केवल माल को ले जाने के लिए आशयित रेल गाड़ियों द्वारा बुक किए गए माल का, ऐसे स्टेशन से अविलम्ब हटाया जाना आवश्यक है

और उस उपधारा के परन्तुक में विनिर्दिष्ट बातों को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित रेल स्टेशनों को 1-8-77 से 6 महीने की अवधि के लिए "अधिसूचित स्टेशन" घोषित करती है अर्थात् :—

1. मुम्बई (वाड़ी बन्दर)
2. नागपुर
3. हावड़ा गुड्स
4. चितपुर
5. काशीपुर रोड
6. इलाहाबाद
7. कानपुर सेन्ट्रल गुड्स शेड (ब्राड गेज)
8. नयी दिल्ली
9. मद्रास साल्ट कोटार्स
10. एर्णाकुलम गुड्स
11. बंगलौर सिटी जंकशन
12. रायपुरम
13. कालीकट
14. सिकन्दराबाद
15. हैदराबाद
16. विजयवाड़ा
17. कोल्हापुर (गुड़ मार्केट)
18. सनतनगर
19. मौला अली
20. काचीगुडा
21. औरंगाबाद
22. शालीमार
23. रांची
24. टाटानगर
25. न्यू गुवाहाटी
26. न्यू जलपाईगुड़ी
27. सिलीगुड़ी टाउन (माल)
28. कांकरिया
29. बड़ौदा जंकशन
30. असरवा जंकशन
31. मुम्बई (कार्नाक ब्रिज)

[संख्या टी०सी० 1/1680/75/2]

बी० मोहन्ती, सचिव और पदेन संयुक्त सचिव।

MINISTRY OF RAILWAYS

(Railway Board)

New Delhi, the 12th January, 1978

S.O. 200.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 56(B) of the Indian Railways Act, 1890 (9 of 1890), the Central Government, being satisfied that it is necessary that the goods booked by trains intended solely for the carriage of goods to any railway station should be removed without delay from such railway station and having regard to the factors specified in that sub-section, hereby declares the following railway stations at "notified stations" for a further period of six months with effect from the 1st February, 1978, namely :—

1. Bombay (Wadi Bunder)
2. Nagpur
3. Howrah goods
4. Chitpur
5. Cossipur Road
6. Allahabad
7. Kanpur Central goods Shed (Broad gauge)
8. New Delhi
9. Madras Salt Cotaurs
10. Ernakulam goods
11. Bangalore City Junction
12. Royapuram
13. Calicut
14. Secunderabad
15. Hyderabad
16. Vijayawada
17. Kolhapur (gur market)
18. Sanat Nagar
19. Maula Ali
20. Kacheguda
21. Aurangabad
22. Shalimar
23. Ranchi
24. Tatanagar
25. New Gauhati
26. New Jalpaiguri
27. Siliguri Town (goods)
28. Kankaria
29. Baroda Junction
30. Asarva Junction
31. Bombay (Carnac Bridge)

[No. TC 1/1680/75/2]

B. MOHANTY, Secy. and ex-officio Jt. Secy.

पूर्ति और पुनर्वास मंत्रालय

(पुनर्वास विभाग)

नई दिल्ली, 4 जनवरी, 1978

का० आ० 201.— विस्थापित व्यक्ति (प्रतिकर तथा पुनर्वास) अधिनियम, 1954 (1954 का 44) की धारा 3 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार इसके द्वारा तमिलनाडु राज्य के तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्र में, तहसीलदारों के रूप में उनके अपने कार्यों के अलावा, उक्त अधिनियम द्वारा या उसके अधीन पूर्ति और पुनर्वास मंत्रालय (पुनर्वास विभाग), नई दिल्ली द्वारा तमिलनाडु राज्य को हस्तान्तरित किए गए कार्य के संबंध में प्रबंध अधिकारी को सौंपे गए कार्यों को निष्पादित करने के लिए प्रबंध अधिकारी के रूप में नियुक्त करते हैं।

[संख्या 27(2)/73-एस०एस०-II]

MINISTRY OF SUPPLY & REHABILITATION

(Department of Rehabilitation)

New Delhi, the 1st January, 1978

S.O. 201.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 3 of the Displaced Persons (Compensation & Rehabilitation) Act, 1954 (44 of 1954), the Central Government hereby appoints all Tehsildars in the State of Tamil Nadu to be Managing Officers for the purpose of performing in addition to their own duties as Tehsildars within their jurisdiction, the functions assigned to a Managing Officer by or under the said Act in relation to the work transferred to the Government of Tamil Nadu by the Ministry of Supply and Rehabilitation (Department of Rehabilitation), New Delhi.

[No. 27 (2)/73-SS. II]

का० आ० 202.— विस्थापित व्यक्ति (प्रतिकर तथा पुनर्वास) अधिनियम, 1954 (1954 का 44) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार इसके द्वारा तमिलनाडु सरकार के जिला राजस्व अधिकारियों को जिला राजस्व

अधिकारियों के रूप में अपने कार्यों के अलावा उक्त अधिनियम द्वारा या इसके अधीन बन्दोबस्त आयुक्त को सौंपे गए कार्यों को निष्पादित करने के लिए, बन्दोबस्त आयुक्त के रूप में नियुक्त करती है।

[संख्या 27(2)/73-एस० एस०-II]

S.O. 202.—In exercise of the powers conferred by Subsection (1) of Section 3 of the Displaced Persons (Compensation and Rehabilitation) Act, 1954 (44 of 1954), the Central Government hereby appoints District Revenue Officers, Government of Tamil Nadu, as Settlement Commissioners for the purpose of performing, in addition to their own duties as District Revenue Officers, the functions assigned to them as Settlement Commissioner by or under the aforesaid Act.

[No. 27 (2)/73-SS. II]

का० आ० 203.— निष्क्रान्त सम्पत्ति प्रशासन अधिनियम, 1950 (1950 का 31) की धारा 6 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार इसके द्वारा तमिलनाडु सरकार के राजस्व विभाग के संयुक्त सचिव को अपने कार्यों के अलावा तमिलनाडु राज्य में निष्क्रान्त सम्पत्तियों के संबंध में उक्त अधिनियम द्वारा या उसके अन्तर्गत अभिरक्षक को सौंपे गए कार्यों को निष्पादित करने के लिए निष्क्रान्त सम्पत्ति के अपर अभिरक्षक के रूप में नियुक्त करती है।

[संख्या 27(2)/73-एस०एस०-II]

S.O. 203.—In exercise of the powers conferred by Subsection (1) of Section 6 of the Administration of Evacuee Property Act, 1950 (31 of 1950), the Central Government hereby appoints Joint Secretary, Revenue Department, Government of Tamil Nadu as Additional Custodian of Evacuee Property in addition to his own duties for the purpose of discharging the duties imposed on the Custodian by or under the said Act in respect of evacuee properties in the State of Tamil Nadu.

[No. 27 (2)/73-SS. II]

का० आ० 204. — निष्क्रान्त सम्पत्ति प्रशासन अधिनियम, 1950 (1950 का 31) की धारा 6 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार इसके द्वारा तमिलनाडु राज्य में जिला राजस्व अधिकारियों को जिला राजस्व अधिकारियों के रूप में अपने कार्यों के अलावा तमिलनाडु राज्य में निष्क्रान्त सम्पत्तियों के संबंध में उक्त अधिनियम के द्वारा या उसके अधीन उप अभिरक्षक को सौंपे गए कार्यों को निष्पादित करने के लिए निष्क्रान्त सम्पत्ति के उप अभिरक्षक के रूप में नियुक्त करती है।

[संख्या 27(2) 73-एस०एस०-II]

S.O. 204.—In exercise of the powers conferred by Subsection (1) of Section 6 of the Administration of Evacuee Property Act, 1950 (31 of 1950), the Central Government hereby appoints the District Revenue Officers in the State of Tamil Nadu as Deputy Custodians of Evacuee Property in addition to their own duties as District Revenue Officers for the purpose of discharging the duties imposed on such Deputy Custodians by or under the said Act in respect of evacuee properties in their respective Districts.

[No. 27 (2)/73-SS. II]

का० आ० 205.— निष्क्रान्त सम्पत्ति प्रशासन अधिनियम, 1950 (1950 का 31) की धारा 6 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार इसके द्वारा तमिलनाडु राज्य के मंडल राजस्व अधिकारियों को मंडल राजस्व अधिकारियों के अपने कार्यों के अलावा, तमिलनाडु राज्य में अपने-अपने मंडलों में निष्क्रान्त सम्पत्तियों के संबंध में उक्त अधिनियम द्वारा या उसके अधीन सहायक अभिरक्षकों को सौंपे गए कार्यों को निष्पादित करने के लिए निष्क्रान्त सम्पत्ति के सहायक अभिरक्षक के रूप में नियुक्त करती है।

[संख्या 27(2) 73-एस०एस०-II]

दीना नाथ असीजा, संयुक्त निदेशक

S.O. 205.—In exercise of the powers conferred by Subsection (1) of Section 6 of the Administration of Evacuee Property Act, 1950 (31 of 1950), the Central Government hereby appoints Revenue Divisional Officers in the State of Tamil Nadu as Assistant Custodians of Evacuee Property in addition to their own duties as Revenue Divisional Officers for the purpose of discharging the duties imposed on such Assistant Custodians by or under the said Act in respect of evacuee properties in their respective Divisions.

[No. 27 (2)/73-SS. II]

D. N. ASIJA, Jt. Director

नई दिल्ली, 4 जनवरी, 1978

का० आ० 206.— विस्थापित व्यक्ति (प्रतिकर तथा पुनर्वास) अधिनियम, 1954 (1954 का 44) की धारा 39 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मुख्य बन्दोबस्त आयुक्त इसके द्वारा तमिलनाडु सरकार के राजस्व विभाग के संयुक्त सचिव को निम्नलिखित शक्तियां सौंपते हैं :—

(1) उक्त अधिनियम की धारा 23 के अधीन अपील सुनने की शक्तियां।

(2) उक्त अधिनियम की धारा 24 के अधीन पुनरीक्षण की शक्तियां।

(3) उक्त अधिनियम के अधीन मामलों के हस्तान्तरण की शक्तियां।

[संख्या 27(2) 73-एस०एस०-II]

ज० चक्रवर्ती, मुख्य बन्दोबस्त आयुक्त

S.O. 206.—In exercise of the powers conferred by Subsection (2) of Section 34 of the Displaced Persons (Compensatiton and Rehabilitation) Act, 1954 (44 of 1954), the Chief Settlement Commissioner hereby delegates to the Joint Secretary, Revenue Department, Government of Tamil Nadu, the following powers :—

(i) Powers to hear Appeals under Section 23 of the said Act.

(ii) Powers to hear revisions under Section 24 of the said Act.

(iii) Powers to transfer cases under Section 28 of the said Act.

[No. 27 (2)/73-SS. II]

J. CHAKRABARTY, Chief Settlement Commissioner.

श्रम मंत्रालय

आदेश

नई दिल्ली, 6 अगस्त, 1977

का० आ० 207.—इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट औद्योगिक विवाद पीठासीन अधिकारी, केन्द्रीय सरकार औद्योगिकी अधिकरण (सं० 2) धनबाद के समक्ष लंबित हैं;

और उक्त पीठासीन अधिकारी की सेवाएं अब उपलब्ध नहीं हैं;

अतः, अब, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 33ख की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार पीठासीन अधिकारी, केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण (सं० 2), धनबाद से उक्त विवादों से सम्बद्ध कार्यवाही को को वापस लेती है और उन्हें उक्त अधिनियम की धारा 7-क के अधीन

गठित केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण नं० (2) धनबाद को हस्तांतरित करती है और यह निदेश देती है कि उक्त केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण नं० (3), धनबाद और आगे कार्यवाही उसी प्रक्रम से करेगा जिस पर वह उसे हस्तांतरित की जाए और विधि के अनुसार उसका निपटान करेगा ।

अनुसूची

क्रमांक	आदेश/अधिसूचना संख्या और तारीख	विवाद के पक्षकार
1.	एल-20012(166) 76-डी-III(ए), तारीख 30-12-1976	मैसर्स बी० सी० सी० लि० की वैस्ट गुडिडीह कौलियरी, डाकघर सिजुआ, जिला धनबाद के प्रबंधतंत्र से सम्बद्ध नियोजक ।
2.	एल० 28012(1)/77-डी-4 (बी)/डी-3 (बी) तारीख 15-3-1976	मैसर्स चरखी माइका माइनिंग कम्पनी लि० की भुजवा और कोनारगढ़ माइका माइन्स, हजारीबाग के प्रबंधतंत्र से सम्बद्ध नियोजक और उनके कर्मकार ।
3.	एल-29012(14) 77-डी-3(बी) तारीख 25/26 अप्रैल, 1977	बोकारो स्टील लिमिटेड की भवनथपुर लाइम स्टोन माइन के प्रबंधतंत्र से सम्बद्ध नियोजक और उनके कर्मकार ।

[संख्या एस- 11025/1/77-डी-4 (बी)-पा० फा०]

भूपेन्द्र नाथ, डेस्क अधिकारी

MINISTRY OF LABOUR

ORDER

New Delhi, the 6th August, 1977

S.O. 207.—Whereas the industrial disputes specified in the Schedule hereto annexed are pending before the Presiding Officer, Central Government Industrial Tribunal (No. 2), Dhanbad;

And whereas the services of the said Presiding Officer are no longer available;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 33-B of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby withdraws the proceedings in relation to the said disputes from the Presiding Officer, Central Government Industrial Tribunal (No. 2), Dhanbad and transfers the same to the Central Govern ment Industrial Tribunal (No. 3), Dhanbad consistituted under Section 7-A of the said Act and directs that the said Central Government Industrial Tribunal (No. 3), Dhanbad shall proceed with the same proceedings from the stage at which they are transferred to it and dispose of the same according to law.

SCHEDULE

Sl. No.	No. & date of reference	Parties to the dispute
1	2	3
1.	L-20012(166)/76-D-III(A) dated 30-12-76	Employers in relation to the management of West Gudidih Colliery of M/s. BCC Ltd. P.O. Sijua, Distt. Dhanbad.
2.	L-28012(1)/77-D-IV(B)/D III(B) dt. 15-3-77	Employers in relation to the management of Bhujwa and Konargarha Mica Mines of M/s. Charkhi Mica Mining Co. Ltd., Hazaribagh and their workmen.
3.	L-29012(14)/77-D-III(B) dt. 25/26th April, 1977	Employers in relation to the management of Bhawanath-pur lime Stone Mine of Bokaro Steel Limited and their workmen.

[No. S. 11025(1)/77-D-IV(B)-Pt. File]
BHUPENDRA NATH, Desk Officer

नई दिल्ली, 4 जनवरी, 1978

का० आ० 208.—केन्द्रीय सरकार ने यह समाधान हो जाने पर कि लोकहित में ऐसा करना अपेक्षित था, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 2 के खण्ड (ढ) के उपखण्ड (6) के उपबन्धों के अनुसरण में भारत सरकार के श्रम मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का० आ० 2570 तारीख 27 जुलाई, 1977 द्वारा फासफोराइट खनन उद्योग को उक्त अधिनियम के प्रयोजनों के लिए 27 जुलाई, 1977 से छः मास की कालावधि के लिए लोक उपयोगी सेवा घोषित किया था ।

और केन्द्रीय सरकार की राय है कि उक्त कालावधि को आगे छः मास की कालावधि के लिए बढ़ाया जाना लोकहित में अपेक्षित है;

अतः अब, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 2 के खण्ड (ढ) के उपखण्ड (6) के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार उक्त उद्योग को उक्त अधिनियम के प्रयोजनों के लिए 27 जनवरी, 1978 से आगे छः मास की कालावधि के लिए लोक उपयोगी सेवा घोषित करती है ।

[संख्या 11017/2/77-डी 1ए(II)]

New Delhi, the 4th January, 1978

S.O. 208.—Whereas, the Central Government having been satisfied that the public interest so required had, in pursuance of the provisions of sub-clause (vi) of clause (n) of section 2 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), declared by the notification of the Government of India in the Ministry of Labour No. S.O. 2570 dated the 27th July, 1977, the phoshorite mining industry to be a public utility service for the purposes of the said Act, for a period of six months from the 27th July, 1977.

And whereas, the Central Government is of opinion that public interest requires the extension of the said period by a further period of six months;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by the proviso to sub-clause (vi) of clause (n) of section 2 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby declares the said industry to be a public utility service for the purposes of the said Act for a further period of six months from the 27th January, 1978.

[No. S. 11017/13/77/DI (A)]

का० आ० 209.—केन्द्रीय सरकार ने यह समाधान हो जाने पर कि लोकहित में ऐसा करना अपेक्षित था, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 2 के खण्ड (ढ) के उपखण्ड (VI) के उपबन्धों के अनुसरण में भारत सरकार के श्रम मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का० आ० 2571 ता० 27 जुलाई, 1977 द्वारा पाइराटस खनन उद्योग को उक्त अधिनियम के प्रयोजनों के लिये 27 जुलाई, 1977 से छः मास की कालावधि के लिये लोक उपयोगी सेवा घोषित किया था ।

और केन्द्रीय सरकार की राय है कि उक्त कालावधि को आगे छः मास की कालावधि के लिये बढ़ाया जाना लोकहित में अपेक्षित है;

अतः, अब, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 2 के खण्ड (ढ) के उपखण्ड (VI) के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों

का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार उक्त उद्योग को उक्त अधिनियम के प्रयोजनों के लिये 27 जनवरी, 1978 से आगे छः मास की कालावधि के लिये लोक उपयोगी सेवा घोषित करती है।

[संख्या एस०/11017/2/77-डी० 1 ए(II)]

एल० के० नारायणन, डैस्क अधिकारी

S.O. 209.—Whereas, the Central Government having been satisfied that the public interest so required had, in pursuance of the provisions of sub-clause (vi) of clause (n) of section 2 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), declared by the notification of the Government of India in the Ministry of Labour No. S.O. 2571 dated the 27th July, 1977 the pyrites mining industry to be a public utility service for the purposes of the said Act, for a period of six months from the 27th July, 1977;

And whereas, the Central Government is of opinion that public interest requires the extension of the said period by a furher period of six months;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by the proviso to sub-clause (vi) of clause (n) of section 2 of the Industrial Dispute Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby declares the said industry to be a public utility service for the purposes of the said Act for a further period of six months from the 27th January, 1978.

[No. S. 11017/14/77/DI (A)]

L. K. NARAYANAN, Desk Officer.

नई दिल्ली, 5 जनवरी, 1978

का० आ० 210.—अधिसूचना का निम्नलिखित प्रारूप, जिसे केन्द्रीय सरकार, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 (1948 का 11) की धारा 28 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, बनाना चाहती है उन सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिये प्रकाशित किया जाता है, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है और सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप पर, राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो मास के अवसान पर या उस के पश्चात् विचार किया जायेगा।

उक्त दो मास की अवधि के अवसान के पूर्व उक्त प्रारूप की बाबत किसी व्यक्ति से प्राप्त किन्ही आक्षेपों और सुझावों पर केन्द्रीय सरकार विचार करेगी।

अधिसूचना का प्रारूप

केन्द्रीय सरकार, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 (1948 का 11) की धारा 26 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह निदेश देती है कि राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से पांच वर्ष की अवधि तक उक्त अधिनियम की धारा 12, 13, 14 और 18 के उपबन्ध ऐसे रेल सेवकों को लागू नहीं होंगे जो केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित काल वेतनमान में हैं और जो भारतीय रेल अधिनियम, 1890 (1890 का 9) के अध्याय 6क के और भारतीय रेल स्थापन संहिता के उपबन्धों द्वारा शासित हैं और जो रेल में किसी अनुसूचित नियोजन में नियोजित हैं।

[सं० एस० 32014(2)/77/डब्ल्यू० सी० (एम० डब्ल्यू०)]

हंस राज छाबड़ा, उप सचिव

New Delhi, the 5th January, 1978

S.O. 210.—The following draft of a notification which the Central Government proposes to make, in exercise of the powers conferred by sub-secion (2) of section 26 of the Minimum Wages Act, 1948 (11 of 1948) is hereby published for the information of all persons likely to be affected thereby and notice is hereby given that the said draft will be taken into consideratios on or after the expiry of two months from the date of publication of this notification in the Official Gazette.

Any objections or suggestions which may be received from any person in respect of the said draft, before the expiry of the said period of two months, will be considered by the Central Government.

DRAFT NOTIFICATION

In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of section 26 of the Minimum Wages Act, 1948 (11 of 1948), the Central Government hereby directs that for a period of five years from the date of publication of this notification, in the Official Gazette, the provisions of sections 12, 13, 14 and 18 of the said Act shall not apply to railway servants who are on time scales of pay approved by the Central Government and governed by the provisions of Chapter VI A of the Indian Raiway Act, 1890 (9 of 1890) and the Indian Railway Establishment Code and who are employed in any Scheduled employment in Railways.

[No. S-32014 (2)/77-WC (MW)]

H. R. CHHABRA, Dy. Secy.

नई दिल्ली, 4 जनवरी, 1978

का० आ० 211.—केन्द्रीय सरकार, कोयला खान श्रम कल्याण निधि अधिनियम, 1947 (1947 का 32) की धारा 5 की उपधारा (5) के अनुसरण में, वर्ष 1977-78 के दौरान कोयला खान श्रमिक गृह और सामान्य कल्याण निधि के सामान्य कल्याण खाते में प्राप्तियों और उसमें से व्यय का निम्नलिखित प्राक्कलन, वर्ष 1976-77 के लेखा विवरण सहित, तथा वर्ष 1976-77 के दौरान उक्त निधि के सामान्य कल्याण खाते में से कालावधि वित्त घोषित कार्यकलापों की रिपोर्ट, प्रकाशित करती है, अर्थात् :—

भाग-I

1977-78 के दौरान प्राप्तियों और व्यय का प्राक्कलन

सामान्य कल्याण खाता

प्राप्ति	व्यय
4,38,28,000 रु०	4,38,28,000 रु० (जिसमें उधार भी सम्मिलित है)

भाग-II

वर्ष 1976-77 का लेखा विवरण

सामान्य कल्याण खाता

प्राप्ति		व्यय	
1. 1-4-1976 को प्रारम्भिक अतिशेष	1,86,40,923		
2. वर्ष के दौरान व्यय		3,83,50,000 रु०	
3. वर्ष के दौरान प्राप्ति	3,91,34,800		
4. 31-3-1977 को अन्तिम अतिशेष			1,94,25,723
	5,77,75,723		5,77,75,723

टिप्पणी:—ऊपर दिखाये गये आंकड़े अनन्तिम हैं, क्योंकि 1976-77 का लेखा अभी बन्द नहीं किया गया है।

भाग-III

वर्ष 1976-77 के दौरान वित्तपोषित कार्यकलापों की रिपोर्ट

1. चिकित्सा सुविधायें:

(क) अस्पताल : तीन केन्द्रीय अस्पताल, धनबाद, आसनसोल और मानेन्द्रगढ़ में एक-एक, और विभिन्न कोयला क्षेत्रों में स्थित 12 क्षेत्रीय अस्पताल, कार्य करते रहे। धनबाद, आसनसोल और मानेन्द्रगढ के केन्द्रीय अस्पतालों की शैया संख्या क्रमशः 300

350, और 100 थी। चान्दा कोयला क्षेत्र में एक क्षेत्रीय अस्पताल की स्थापना के बारे में सक्रिय रूप से विचार की जा रही थी और अब अस्पताल को बल्लारपुर के बजाय हिन्दुस्तान लालपेट कोलियरी में स्थापित करने के लिये अन्तिम रूप से निश्चय कर लिया गया है। तलचर कोयला क्षेत्र में राष्ट्रीय कोयला विकास निगम के अस्पताल में, निधि द्वारा उस कोयला क्षेत्र में एक क्षेत्रीय अस्पताल की व्यवस्था के विकल्प के रूप में यथोचित आवर्ती तथा अनावर्ती अनुदान देकर, एक विशेष वार्ड की व्यवस्था के लिये मंजूरी दे दी गई है।

(ख) औषधालयः—मुग्मा कोयला क्षेत्र में एक एलोपैथिक स्थाई औषधालय, असाम कोयला क्षेत्र में एक चल चिकित्सा एकक और विभिन्न कोयला क्षेत्रों में 29 आयुर्वेदिक औषधालय कार्य करते रहे। अपेक्षित आयुर्वेदिक औषधियों के विनिर्माण के लिये झरिया कोयला क्षेत्र में केन्द्रीय आयुर्वेदिक औषधालय भी कार्य करता रहा।

(ग) कुटुम्ब कल्याण और प्रसूति तथा बाल कल्याण केन्द्रः—संगठन के प्रत्येक क्षेत्रीय अस्पताल से संलग्न कुटुम्ब कल्याण केन्द्र कार्यरत रहा। इसके अतिरिक्त, संगठन द्वारा पहले से स्थापित ऐसे दो केन्द्र, एक बारगोलाई में और दूसरा तलचर में, अर्हित महिला स्वास्थ्य परिदर्शकों के भारसाधन में स्वतन्त्र एककों के रूप में भी कार्य करते रहे। चांदा कोयला क्षेत्र कोलियरी कर्मकारों के फायदों के लिये सरकारी अस्पताल, चांदा से संलग्न ब्लाक बराबर काम करता रहा।

(घ) औषधालय सेवाओं को सुधारने के लिये वित्तीय सहायताः—कोलियरी कर्मकारों और उनके आश्रितों के फायदे के लिये कोलियरियों में औषधालयों का स्तर सुधारने के लिये कोलियरी प्रबन्धकों को प्रोत्साहित करने के लिये सहायतार्थ अनुदान देने की स्कीम चालू रखी गई तथा कोलियरी प्रबन्धकों को इस वर्ष के दौरान कोलियरी कर्मकारों के लिये औषधालय सेवाओं की व्यवस्था करने के लिये 6.17 लाख रुपये की रकम दी गई।

(ङ) यक्ष्मा से पीड़ित कोलियरी कर्मकारों और उनके आश्रितों के इलाज के लिये, संगठन के अपने यक्ष्मा अस्पतालों में 312 शैयाओं की व्यवस्था के अतिरिक्त, उनके लिये विभिन्न यक्ष्मा आरोग्याश्रमों में 56 शैयायें आरक्षित रहीं। यक्ष्मा की गृहोप चर्या की स्कीम चालू रखी गई और इस स्कीम के अधीन इलाज कराने वाले यक्ष्मा रोगियों को अनुसूची के अनुसार निर्वाह भत्ता भी दिया जाता रहा। उस अवधि के दौरान इस स्कीम पर 1.96 लाख रु० की राशि व्यय की गई।

(च) भारतीय श्रम संगठन परियोजना के अधीन प्रबन्धकों कल्याण निधि द्वारा चलाये गये कोयला खानों, लौह, अभ्रक, और चूना पत्थर तथा डोलोमाइट खानों के विभिन्न केन्द्रीय/प्रादेशिक अस्पतालों में 29 परिवार कल्याण केन्द्र खोलकर इस वर्ष के दौरान परिवार नियोजन को सुदृढ़ किया गया है। इन सभी अस्पतालों में, जहां परिवार कल्याण केन्द्र स्थित हैं, पात्र दम्पत्ति सर्वेक्षण का तैयार करना, अभिप्रेरण प्रयोजनों के लिये और परम्परागत निरोधों के प्रदाय के लिये परिवार कल्याण कर्मकारों द्वारा कोलियरी कर्मकारों के निवास स्थानों पर जाने के अतिरिक्त बन्ध्यकरण आपरेशन (नसबन्दी और ट्यूबक्टोमी) किये जा रहे हैं। परिवार कल्याण कार्यक्रम के लिये तीनों क्षेत्रों अर्थात् एक बिहार में, एक पश्चिमी बंगाल में और एक मध्य प्रदेश में, 3 जीपें (डीजल) दी जा रही हैं। इन विभिन्न परिवार कल्याण केन्द्रों को प्रदाय करने के लिये उपस्कर और औजार प्राप्त किये जाते हैं। श्रव्य-दृश्य उपस्कर भी प्राप्त हो गया है और यह परिवार कल्याण केन्द्रों को तब दिया जायेगा जब कर्मचारिवृन्द को उपस्कर आदि के प्रयोग का प्रशिक्षण दे दिया जायेगा। अप्रैल, 1976 से फरवरी, 1977 तक इन 29 केन्द्रों में 5621 नसबन्दी और 2745 ट्यूबेक्टोमी के आपरेशन किये गये। इसके अतिरिक्त निधि के अस्पतालों के चिकित्सा और पैरा-चिकित्सा कर्मचारिवृन्द इस वर्ष के दौरान लगाये गये विभिन्न कैम्पों में सेवायें (बाध्यकरण आपरेशन) देने में राज्य सरकार प्रबन्धकों के अस्पतालों की सहायता करते रहे।

(छ) पुनर्वास: धनबाद और आसनसोल के केन्द्रीय अस्पतालों में से प्रत्येक से संलग्न पुनर्वास केन्द्र कार्य करते रहे। मध्य प्रदेश कोयला क्षेत्र में छिन्दवाड़ा में पुनर्वास केन्द्र भी कार्य करता रहा। पश्चिमी बंगाल में सिधवाड़ी में पुनर्वास एवं उत्लाघ गृह ने कार्य करना आरम्भ कर दिया है।

(ज) अन्य चिकित्सा सुविधायें:—चिकित्सीय और लोक स्वास्थ्य की दिशा में इस संगठन के अन्य महत्वपूर्ण क्रियाकलाप हैं, कैंसर कोढ़ और मानसिक रोगों के इलाज के लिये सुविधाओं की व्यवस्था, धनबाद और आसनसोल के केन्द्रीय अस्पतालों में रक्त बैंक चलाना, कोलियरी कर्मकारों को एनको और कृत्रिम दन्तावली का मुफ्त प्रदाय, मलेरिया तथा फाइलेरिया नियंत्रण कार्य आदि आदि।

2. शिक्षा तथा आमोद प्रमोद विषयक सुविधाएं

(क) इस प्रयोजन के लिए महत्वपूर्ण क्रियाकलापों को प्रकाश में लाने वाले कुछ सुसंगत आंकड़े नीचे दिए गए हैं:—

(i) बहुउद्देशीय संस्थान	60	
(ii) प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र	3	(60 बहुउद्देश्यीय संस्थानों को छोड़कर)
(iii) महिला कल्याण केन्द्र	4	
(iv) पोषक प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र	163	
(v) कोलियरी कर्मकारों के बच्चों को छात्रवृत्तियां	547	
(vi) विद्यालय के लिए छात्रावास	1	
(vii) अवकाश-गृह	2	

कोयला पांच चुने हुए उम्मीदवारों में से जिनमें से एक प्रतीक्षा सूची में था, चार को पाटलीपुत्र मेडीकल कालिज में खनिकों के पुत्र-पुत्रियों के लिए संरक्षक सीटों पर प्रवेश दिया गया।

(ख) खेल और क्रीड़ा:

कोलियरी कर्मकारों के मनोरंजन के लिए प्रत्येक वर्ष खेलों और क्रीड़ाओं का आयोजन किया जाता है। वर्ष 1976-77 के दौरान विभिन्न खेलों और क्रीड़ाओं के आयोजन के लिए संगठन द्वारा 1.60 लाख रु० की रकम खर्च की गई।

(ग) अन्य क्रिया-कलाप:

इस सम्बन्ध में दी गई अन्य सुविधाओं में (1) शिक्षा संस्थाओं को सहायतार्थ अनुदान, (2) कोयला खनिकों के आश्रितों को छात्रवृत्ति, (3) कोयला खनिकों के लिए खेल और क्रीड़ा की व्यवस्था, (4) फिल्मों का प्रदर्शन, और (5) खानों में दुर्घटनाओं में मरने वाले कोलियरी कर्मकारों की पत्नियों और विद्यालय जाने वाले उनके बच्चों को वित्तीय सहायता की व्यवस्था आदि है।

(3) (क) **जल प्रदाय स्कीम** :

इस वर्ष के दौरान, 7.64 लाख रु० की रकम जल प्रदाय स्कीमों पर खर्च की गई है। यह संगठन, जल-प्रदाय स्कीम में जैसा विहित है उसके अनुसार, संवीक्षित व्यय के कुल खर्चे के 50 प्रतिशत तक कोलियरी प्रबन्धकों को सहायतार्थ अनुदान देता रहा। पश्चिमी बंगाल और बिहार राज्य सरकारों द्वारा निष्पादित और निधि द्वारा अंशतः वित्तपोषित दो एकीकृत स्कीमों में से पूर्ववर्ती एक में कार्य आरम्भ हो चुका है और पश्चात्वर्ती निष्पादन अधीन रही ।

(ख) **कुओं की खुदाई** :

अब तक पूरे किए गए कुओं की कुल संख्या 296 है। रिपोर्ट से संबंधित अवधि के दौरान 20 कुएं खोदने की स्वीकृति दी गई थी

4. **सहकारी आन्दोलन** :

इस वर्ष के दौरान कोई भी नए ग्राहमरी स्टोर, सहकारी उधार सोसाइटी और थोक या केन्द्रीय सहकारी स्टोर नहीं खोले गए । पुनर्विलोकनाधीन अवधि के अन्त में कोलियरी कर्मकारों के सहकारी स्टोरों और उधार सोसाइटियों की संख्या 579 थी। इनमें ऐसे 12 थोक या केन्द्रीय सहकारी स्टोर भी थे जो पहले ही खोले गए थे और कोलियरी कर्मकारों के लिए कार्य करते रहे ।

[सं० जैड 16016/2/77-एम II]

New Delhi, the 4th January, 1978

लग गई । यह 3 अप्रैल, 1976 की शाम को हुआ था । इस साक्ष्य से यह स्पष्ट है कि पानी का जमा होना उस वर्षा से शुरू नहीं हुआ था, जो कि उस तारीख की शाम को लगभग 7 बजे हुई थी, बल्कि उससे पहले जमा होना शुरू हो गया था । श्री वकील खां से पूछा गया कि क्या 3-4-1976 को वह डा० आर० एस० राय और श्री एस० बी० सिंह से खदान या उसके समीप मिले थे । उनका जवाब हां में था । इस गवाह के अनुसार, डा० आर० एस० राय और श्री एस० बी० सिंह खदान के किनारे शीर्ष पर थे और गवाह ने उस जाम पाइप को साफ करने के लिए किए गए असफल प्रयास और चोट लगने के बारे में बताया था । दुर्घटना के बाद श्री वकील खान अस्पताल गए थे और उनके अनुसार, वह अस्पताल से 3-4-1976 से फिर खदान पर आए थे और उस समय उन्होंने डा० आर० एस० राय, श्री सुखेन्दू बनर्जी और श्री चतीराज, मुख्य इंजीनियर को देखा था । जहां तक गवाह को याद है ये व्यक्ति जमा पानी के बारे में विचार-विमर्श कर रहे थे । श्री वकील खां के अनुसार, डा० राय , श्री सुखेन्दू बनर्जी, कोलियरी इंजीनियर को बता रहे थे कि जमा पानी को निकालने के लिए एक पम्प लगाया जाना चाहिए । श्री वकील खान 4-4-1976 को पहली पारी में ड्यूटी पर गए थे और उन्होंने देखा कि श्री प्रीतम सिंह (हैवी टिंडल) और उनका दल एक पम्प लाया था और यह खदान के एक किनारे पर रखा गया था । पम्प लगाने के लिए प्रयास किए जा रहे थे । 4-4-1976 को पम्प नहीं लगा और चालू नहीं किया जा सका । श्री वकील खान के अनुसार, 3-4-1976 को जो पानी जमा हो गया था खदान के तल में उसकी गहराई लगभग 1½ फीट थी परन्तु 4-4-1976 को इसकी ऊंचाई 2½ फीट हो गई थी । इस साक्ष्य से यह स्पष्ट हो जाता है कि 3-4-1976 की शाम से 4-4-1976 तक खदान के तल में पानी जमा हो रहा था और पानी का स्तर और भी ऊंचा होता जा रहा था । श्री वकील खान 5-4-1976 को पानी के जमा होने में वृद्धि के सम्बन्ध में बहुत स्पष्ट थे । उन्होंने बताया है कि 5-4-1976 की पहली पारी में उनके द्वारा ड्यूटी आरम्भ करने के बाद, उन्होंने देखा कि जो पानी पिछले दिन जमा हो गया था वह कम नहीं हुआ था और पम्प नहीं लगाया गया था । वास्तव में उन्होंने देखा कि 5-4-1976 को पानी का स्तर ऊपर हो गया था । दोपहर 1.30 बजे से कुछ पहले वह खदान की साइड पर ड्यूटी पर थे, जब श्री बैजनाथ गोप (आर्क-सैटिंग गैंग के) और कुछ अन्य व्यक्ति भूमिगत खदान से आए थे और इस गवाह को बताया कि नीचे जाने वाले पानी का बहाव बढ़ रहा है । यह गवाह खदान के तल की ओर गया और देखा कि वहां हैंगथाल से फूटवाल तक पानी जमा हो गया था और स्पष्टतः कुछ पानी नीचे चला गया था । इसे चारों तरफ लगे पानी के निशान से देख सकते थे जो लगभग 6 इंच पानी की कमी दिखा रहा था । वह खदान के कार्यस्थल की ओर गए थे और उसके कुछ मिनटों के बाद उन्होंने सूचित किया कि सारा जमा पानी नीचे पुरानी खदान में चला गया । वह खदान के तल की ओर गए और पाया कि उस जगह के पास, जहां उन्होंने मैटिंग लगायी थी, एक मोरी थी और स्पष्टतः सारा जमा पानी इस मोरी से नीचे गया था ।

35. 13/14 कम्बाइण्ड सीम की हैंगथाल और फूटवाल के सम्बन्ध में खदान के तल की स्थिति को जहां दुर्घटना से पहले पानी जमा हो गया था, ए-बी लाइन के साथ खदान के एक सेक्शन से समझा जा सकता है, जिसे प्रदर्श 2/4 के रूप में मार्क किया गया है । इसकी एक प्रति परिशिष्ट 'ई' (प्रकाशित नहीं किया) के रूप में संलग्न है । प्लान को छोड़कर के स्केल 1:600 पर दर्शाया गया है । लाइन ए–बी प्रदर्श 2/3 पर देखी जा सकती है ।

खदान के तल में जमा पानी की मात्रा :

36. पानी की जो मात्रा जमा हुई होगी इस बात पर विचार करने के लिए मैं पक्षकार सं० 1 द्वारा दायर किए गए लिखित बयान की ओर ध्यान दिलाता हूं जिसमें यह कहा गया है कि दुर्घटना से तुरन्त पहले 5-4-1976 को मुश्किल से 15,000 से 20,000 गैलन पानी खदान की तल में जमा हुआ होगा । खान सुरक्षा महानिदेशालय (पक्षकार सं० 8) की ओर से दायर किए गए लिखित विवरण के अध्याय 1 में यह उल्लेख किया गया है कि 5-4-1976 को खदान में जमा पानी का कुल मात्रा "लगभग 2,35,000 गैलन के करीब थी ।" दुर्घटना से पूर्व पानी की कितनी मात्रा जमा हो सकती थी, यह मामला दोनों पक्षों में गम्भीर मतभेद का प्रश्न बन गया था और इस सम्बन्ध में मौखिक और दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किया गया है । पक्षकार सं० 1 के लिखित बयान में पानी की इस मात्रा का अनुमान कैसे लगाया गया था, इसका पता उनके बयान के पैराग्राफ 29 से चलेगा । पैराग्राफ 29 में उल्लिखित खान सुरक्षा महानिदेशालय के सन्दर्भ में, इस मामले के बारे में तत्कालीन उप खान सुरक्षा निदेशक श्री एस० एन० ठाकर (पक्षकार सं० 8 के गवाह सं० 1) से पक्षकार सं० 1 ने जिरह करते हुए पूछा और उन्होंने इस बात से इन्कार किया कि 5 अप्रैल, 1976 को शाम को उन्होंने श्री एस० एस० प्रसाद को प्रबन्धकों के प्रतिनिधि की उपस्थिति में बताया था कि खदान के तल में 15,000 से 20,000 गैलन पानी जमा हो गया है और यह कि इस पानी से दुर्घटना घटी है । प्रबन्धकों के मामले का यह भाग, जिसका उल्लेख इनके लिखित विवरण के पैराग्राफ 29 में किया गया है, (यह प्रश्न श्री एस० एन० ठाकर से पूछा गया था जो इस जांच में परीक्षित किए जाने वाले पहले गवाह थे), बिल्कुल अविश्वसनीय तथ्य पर आधारित है, जैसा कि इसे देखते ही तत्काल पता चलेगा । श्री दीपक सरकार ने जिरह के दौरान इस सम्बन्ध में बताया कि 5-4-1976 को बाह क्षेत्र में 15,000 से 20,000 गैलन पानी जमा पड़ा था, और यह कि उन्होंने यह सूचना दुर्घटना के तुरन्त बाद अपने अधिकारियों और कर्मचारियों से प्राप्त की थी तथा जांच न्यायालय द्वारा खदान की स्थानीय जांच के समय श्री एस० एस० प्रसाद ने भी इसकी पुष्टि की थी । श्री दीपक सरकार के अनुसार, श्री एस० एस० प्रसाद ने उस समय बताया था कि उन्हें श्री ठाकर द्वारा बताया गया था कि दुर्घटना की तारीख को 15,000 से 20,000 गैलन पानी नीचे गया था । श्री ठाकर से जो पूछा गया था वह यह था कि उन्होंने श्री एस० एस० प्रसाद को पानी की इस मात्रा के जमा हो जाने के बारे में बताया था तथा यह कि किसी और व्यक्ति ने भी बताया था कि खदान के तल में 15,000 से 20,000 गैलन पानी जमा हो गया है । प्रत्यक्षतः जिस प्रारम्भिक अवस्था में श्री ठाकर से पूछताछ की गई थी, उससे प्रबन्धकों के जिस मामले के बारे में पूछा गया वह सन्देहजनक था । श्री दीपक सरकार के बयान ने इस मामले को और साफ बना दिया परन्तु प्रबन्धकों की ओर से परीक्षित किए गए अगले गवाह, डा० आर० एस० राय ने कुछ बिल्कुल अलग ही बात कही है । श्री दीपक सरकार अनुसार के डा० आर० एस० राय, उन व्यक्तियों में से एक थे जिन्होंने उस खदान के तल में जमा पानी की मात्रा के बारे में बताया था । तथापि, डा० आर० एस० राय के अनुसार, जब जांच न्यायालय ने एक निर्धारक के साथ खदान का दौरा कर रहा था तो श्री एस० एस० प्रसाद ने किसी व्यक्ति से उस पानी की मात्रा के बारे में पूछा था जो दुर्घटना के दिन खदान की तल में जाम हो गई थी और श्री एस० पी० गांगुली, खान सुरक्षा निदेशक ने बताया कि यह मात्रा लगभग 1,00,000 गैलन थी । इस पर श्री एस० एस० प्रसाद ने बताया था कि दुर्घटना के तुरन्त बाद श्री एस० एन० ठाकर ने उन्हें फोन पर बताया था कि खदान के तल में 15,000 से 20,000 गैलन पानी जमा हो गया है । यह कथन उस कथन से भिन्न है जो कि खान सुरक्षा महानिदेशालय के अधिकारियों द्वारा श्री एस० एस० प्रसाद को बताया गया था । इसलिए मैं नहीं समझता कि दुर्घटना से पहले 5 अप्रैल, 1976 को खदान के तल में केवल 15,000 स 20,000 गैलन पानी के जमा हो जाने के सम्बन्ध में पक्षकार सं० 1 के लिखित विवरण के पैराग्राफ 29 में जो कुछ उल्लिखित किया गया उसमें कोई तथ्य है । श्री एस० पी० गांगुली की सांविधिक रिपोर्ट में पक्षकार सं० 4 की ओर से दिया गया अनुमान, (2,35,000 गैलन) सम्बन्धित समय में उप खान सुरक्षा निदेशक श्री टी० के० मजुमदार द्वारा किए गए अनुमान पर आधारित है । वे मूल रूप से खान सुरक्षा महानिदेशालय में अनुसंधान सहायक थे और बाद में

अगस्त, 1974 तक निदेशालय में सर्वेक्षण अधीक्षक थे । उन्होंने श्री ए० बी० सिंह, खान सुरक्षा के संयुक्त निदेशक के निदेश पर 6 अप्रैल, 1976 को खदान का निरीक्षण किया और उन्होंने खदान के तल पर पानी के निशानों को देखा और उसके आधार पर प्लान और रोक्शन बनाने के लिए 7-4-1976 से सर्वेक्षण किया । श्री मजुमदार के अनुसार 5 अप्रैल, 1976 को दुर्घटना से पहले पानी की जो मात्रा खदान में जमा हो सकती थी, उसका अनुमान, उनके निदेशों के अधीन श्री डी० के० सिन्हा, सर्वेक्षक द्वारा किया गया था और उसकी जांच श्री एच० एस० हाजरा और श्री एल० एन० राय सर्वेक्षकों द्वारा की गई थी और यह अनुमान लगाया गया था कि लगभग 2,35,000 गैलन पानी जमा हो गया था । श्री मजुमदार के अनुसार पानी की वास्तविक मात्रा इस अनुमानित मात्रा से 10% अधिक या 10% कम हो सकती है । श्री मजुमदार के साथ उसके सर्वेक्षण कार्य और उसके अनुमानों के सम्बन्ध में सविस्तार जिरह की गई परन्तु मैं यह नहीं समझा कि किसी महत्वपूर्ण बात का पता लगाया जा सका जिससे उसकी इस बात को ठीक न समझा जाए कि पानी की बड़ी मात्रा, अर्थात् 2 लाख गैलन से ज्यादा पानी की मात्रा 5-4-1976 को दुर्घटना होने से पहले खदान में तल में जमा हो गई थी । प्रबन्धकों के मामले को देखते हुए, जो कि उन्होंने अपने लिखित बयान के पैराग्राफ 29 में बनाया है, उस पक्षकार की ओर से श्री टी० के० मजुमदार से जिरह के दौरान जो पूछा गया था वह यह बात थी कि उसमें पानी की कितनी मात्रा जमा हो सकती थी, बड़े ताज्जुब की बात है कि उनके द्वारा देखे गए जल चिन्ह के आधार पर यह मात्रा 60,000 से 70,000 गैलन से ज्यादा नहीं हो सकती थी । पक्षकार सं० 1 की ओर से परीक्षित किए गए गवाहों का कुछ भी बाद हो, इस सम्बन्ध में पक्षकार सं० 1 की ओर से परीक्षित किए गए 'इस्को के एक सर्वेक्षक, श्री एस० एन० मिश्र द्वारा दिया गया है । उन्होंने भी सर्वेक्षण द्वारा उस पानी की मात्रा का अनुमान लगाया है जो 5-4-1976 से पहले खदान के क्षेत्र में जमा हुई होगी और उनके अनुसार पानी की अधिकतम मात्रा जो उसमें जमा हुई थी वह 1,32,852.72 गैलन थी । उनका अनुमान प्रदर्श 2/2 में दर्शाया गया है । श्री मिश्र का अनुमान भी खदान के तल में देखे गए जल चिन्ह पर आधारित था । इसलिए, श्री एस० एन० मिश्र का साक्ष्य भी यह दर्शाता है कि 5-4-1976 की दुर्घटना से पहले खदान के तल में पानी की जो मात्रा एकत्र हो गई थी वह बहुत बड़ी मात्रा थी, न कि पक्षकार सं० 1 के लिखित बयान में उल्लिखित केवल 15,000 से 20,000 गैलन पानी की मात्रा । कुछ अदालती गवाहों द्वारा दिए गए सीधे साक्ष्य से यह भी पता चलेगा कि 5-4-1976 को लगभग दोपहर के 1.30 बजे 3/4 इन्क्लाइन की पुरानी खादान में पानी की अत्यधिक मात्रा नीचे चली गई थी, जिससे वहां महान विध्वंस हो गया ।

37. मेरे सुविचारित विचार में प्रबन्धकों द्वारा अपने लिखित बयान में पैराग्राफ 28 और 19 में दिए गए दावे को स्वीकार करना कठिन है कि 5-4-1976 को 12,000 से 20,000 गैलन पानी नीचे पुरानी खदान में गया था । यह बर्बादी के स्वरूप से भी स्पष्ट है, जिस पर मैंने बाद में विचार किए हैं । 5-4-1976 की दुर्घटना से भारी मात्रा खदान में अवश्य ही जमा हो गई होगी ।

पानी के जमाव का ज्ञान

38. अब मैं इस नुक्ते पर विचार करूंगा कि क्या कवेरी के कार्यभारी अधिकारियों को 5 अप्रैल, 1976, जिस दिन कि दुर्घटना घटी है, से पहले यह मालूम था कि कवेरी बैड में यह विशाल जलराशि जमा है और इन्होंने इस सम्बन्ध में क्या कार्रवाई की । यहां यह उल्लेखनीय है कि अभिलेख में यह साक्ष्य मौजूद है कि 3 अप्रैल, 1976 की शाम को कुछ बारिश हुई थी, श्री दीपक सरकार, जो कि तब क्षेत्रीय प्रबन्धक थे, ने कहा है कि उन्होंने जल के स्तर और साथ ही कवेरी का भी निरीक्षण पहली या दो अप्रैल, 1976 को किया था और यह कि इस तारीख के बाद वे दुर्घटना होने के पश्चात् दिनांक 5 अप्रैल, 1976 को कवेरी में गये थे । श्री सरकार से यह कहा गया था कि वे डा० आर० एस० राय के साथ 4-4-1976 की सुबह कवेरी में गये थे और उस समय उन्हें यह बताया गया था कि कवेरी में पानी जमा हो गया है । श्री सरकार का उत्तर यह था कि 4 अप्रैल की सुबह को वे कवेरी के दक्षिणी भाग की ओर प्रस्तावित बांध के सम्बन्ध में गये थे और यह कि वे सुबह डा० आर० एस० राय से मिले थे, लेकिन उन्हें कवेरी में जमा हुये पानी के सम्बन्ध में कुछ नहीं बताया गया था । श्री सरकार के बयान का समर्थन डा० आर० एस० राय के बयान से नहीं होता । श्री सरकार ने आगे कहा है कि 4 अप्रैल, 1976 की सुबह को वे इन्क्लाइन कार्यालय में नहीं गये थे । श्री सरकार से यह कहा गया कि वे डा० आर० एस० राय और अन्य व्यक्तियों के साथ 3 अप्रैल की शाम को कवेरी में गये थे, जहां पम्प लगाने के प्रबन्ध के बारे में विचार-विमर्श हुआ था और इसका उत्तर भी नकारात्मक था । इस समय यह उल्लेखनीय है कि डा० राय को 3 अप्रैल, 1976 से 5 अप्रैल, 1976 तक क्या मालूम हुआ और जमा हुए पानी के सम्बन्ध में उन्होंने क्या किया । इन्होंने कहा है कि 3 अप्रैल, 1976 को लगभग 7 बजे शाम से 9 बजे शाम तक भारी वर्षा हुई थी । 4 अप्रैल, 1976 की सुबह उन्हें कवेरी बैड में जमा हुए पानी के सम्बन्ध में मालूम था लेकिन उनके अनुसार, उन्होंने यह पता लगाया कि शाम को पानी कम था । उन्होंने 5 अप्रैल, 1976 की सुबह भी कवेरी देखी थी, और वहां निचान में पानी का जमाव देखा था । 4 अप्रैल, 1976 की सुबह डा० राय ने कवेरी में एक पम्प लगाने का आदेश दिया था । अतएव इसमें सन्देह नहीं कि कवेरी बैड में पानी के जमाव का ज्ञान डा० राय को था जिनके लिए वे एक पम्प लगाने जा रहे थे । डा० राय पम्प लगाने के लिए 5 अप्रैल, 1976 को कवेरी में गये थे ।

39. क्या श्री दीपक सरकार को 4 अप्रैल, 1976 को कवेरी बैड में जमा हुए पानी के बारे में मालूम था अथवा नहीं, यह डा० आर० एस० राय के उस बयान से विदित होता है जो उन्होंने जिरह के दौरान दिया जब उनसे यह कहा गया कि 4 अप्रैल, 1976 की सुबह वे श्री दीपक सरकार के साथ 3/4 इन्क्लाइन कवेरी में आये थे और यह कि उस समय कवेरी का ओवर मैन श्री बी० के० सिंह ने उन्हें कवेरी में जमा हुए पानी के खतरे के बारे में बताया था । डा० राय का उत्तर यह था कि श्री बी० के० ने इस पानी से होने वाले खतरे के बारे में कुछ नहीं कहा था, लेकिन उन्होंने मिलकर कवेरी में पानी का जमाव देखा था । श्री दीपक सरकार के बारे में एक विशिष्ट प्रश्न पूछा गया था और उसका उत्तर स्पष्ट था कि श्री सरकार भी वहां थे । इसलिए श्री दीपक सरकार को भी 4 अप्रैल, 1976 की सुबह कवेरी बैड में जमा पानी के बारे में ज्ञान था । वास्तव में, डा० राय के अनुसार, उन्होंने पम्प लगाने सम्बन्धी मामले के बारे में श्री सरकार के साथ 4-4-1976 को विचार विमर्श किया था ।

5 अप्रैल, 1976 को भूमि के नीचे क्या हुआ :

40. अभिलेख के इस बारे में गवाही दर्ज की गई है कि उस दिन लगभग डेढ़ बजे 3/4 इन्क्लाइन में भूमि के नीचे क्या हुआ और जो घटना घटी उसका क्या परिणाम हुआ । जिन गवाहों की गवाहियों पर नीचे विचार किया जायेगा, उनमें से भारतीय खान सर्वेक्षकों के एसोसिएशन (पार्टी नं० 3) की ओर से दो चनमैनों से पूछताछ की गई है । ये चैनमैन हैं श्री केदार प्रसाद सिंह और श्री राज मंगल यादव । एक माइनिंग सरदार जिसका नाम वशिष्ट सिंह है, की पूछताछ न्यायालय के गवाही के रूप में की गई है । श्री केदार प्रसाद सिंह के अनुसार, 5 अप्रैल, की सुबह को 10 बजे सात व्यक्ति जिनमें कि वह भी शामिल था, भूमि के नीचे गये थे, अन्य छः व्यक्तियों के नाम थे :—

1. श्री एस० राय चौधरी, सर्वेक्षक

2 श्री आर० एन० बनर्जी, सर्वेक्षक

3. श्री सीताराम सिंह, सामान्य मजदूर जो चैनमैन के रूप में काम कर रहा था

4. श्री फरिक ओझा, चैनमैन

5. श्री बल्लभ मोदक, चैनमैन

6. श्री राज मंगल यादव, चैनमैन

(इसमें से, प्रथम पांच व्यक्ति उस दिन इस दुर्घटना में मर गये)

41. इस समय यह मालूम होगा कि एक दूसरा व्यक्ति, जिसका नाम श्री वशिष्ट सिंह माइनिंग सरदार था, भी उस समय भूमि के नीचे गया था। लगभग डेढ़ बजे दिन में क्या हुआ, इसका वर्णन श्री केदार प्रसाद सिंह ने इस प्रकार किया है :—

"उस समय, मैंने एक बड़ी आवाज सुनी, हमने आपस में विचार विमर्श किया कि यह आवाज कहां से आई है। श्री राय चौधरी ने कहा कि वह आवाज हवा की थी। उस समय हम स्तर और नं० 4 इन्क्लाइन के जंक्शन पर थे। मैं इन्क्लाइन से आते हुए पानी को देख रहा था। इसलिए हमने नं० 4 इन्क्लाइन से होकर ऊपर भागना शुरू किया। हम में से सातों साथ-साथ ऊपर की ओर भाग रहे थे। लगभग जो स्तर तक हम में से सातों साथ थे। उस समय, नं० 4 इन्क्लाइन में पानी की ऊंचाई बढ़ती जा रही थी। उस समय मैंने कहा कि अब हमें स्वयं अपनी मदद करनी चाहिए और भागकर अपनी जान बचा लेनी चाहिए। श्री राज मंगल यादव ने शीघ्रता से ऊपर भागना शुरू किया। मैं उसके साथ-साथ ही ऊपर की ओर भाग रहा था क्योंकि मेरा कैप लैम्प बुझ चुका था : अन्य पांच व्यक्ति हमारे पीछे थे। जब हम दो जी स्तर से ऊपर पहुंच गये तो मैंने देखा कि ऊपर से इन्क्लाइन में लोहे की पटरियां आ रही हैं। लकड़ी के टुकड़े और पाइप भी ऊपर से नीचे आते जा रहे थे। इन्क्लाइन नं० 4 में भरने वाले पानी की गहराई उस समय लगभग 18 इंच थी। मैंने श्री राज मंगल यादव से पूछा कि क्या कोई ऐसा स्थान है जहां हम अपनी सुरक्षा के लिए जा सकें। उसने कहा कि हां है और यह एफ तथा जी स्तर के बीच एक मैनहोल में शरण लेने चला गया। मैं भी श्री राज मंगल यादव के पीछे-पीछे चला और मैंने भी उसी मैनहोल में शरण ले ली। यह मैनहोल नं० 4 इन्क्लाइन की बाईं दिशा में ऊपर की तरफ था। लगभग आध घन्टा हम मैनहोल में रहे। इस दौरान, इन्क्लाइन धार में आने वाले पानी की ऊंचाई दो फीट तक पहुंच चुकी थी। आधे घन्टे के बाद पानी घटने लगा और जब सारा पानी नीचे चला गया तो हम मुख्य डिप में आ गये। हमने इन्क्लाइन में नीचे लैम्प दिखाया लेकिन हमें अन्य व्यक्तियों का जो हमारे पीछे आ रहे थे कुछ पता नहीं चला। तब हमने ऊपर जाना प्रारम्भ किया और हमें ऐसा करने में कुछ कठिनाई हुई। जब हमने एफ स्तर पार कर लिया तो रोशनी के साथ आते हुए कुछ आदमियों को देखा। वे तीन थे उन्होंने यह कहकर हमारी हिम्मत बढ़ाई कि अब डर की कोई बात नहीं है और हमें ऊपर भूमि पर जाने की कोशिश करनी चाहिए। इन लोगों ने हमारी इन्क्लाइन से बाहर आने में सहायता की।"

42. श्री राज मंगल यादव ने अपना अनुभव निम्न रूप से बताया :

"लगभग डेढ़ बजे दिन में ऊपर से पानी नीचे आना प्रारम्भ हुआ। मैं अन्दर गैलरी में कहीं था और पानी को नीचे आते हुए देख रहा था। केदार सिंह और श्री राम चौधरी ने मुझे बुलाया। गैलरी के अन्दर में पलम्ब-बोब लाइन पकड़े हुए खड़ा था। श्री राम चौधरी का यह कहते हुए सुनकर कि हमें भागना चाहिए, मैं मैन डिप में आ गया। उस स्थान से हम सबने इन्क्लाइन से भागना शुरू किया। उस समय नीचे आने वाला पानी लगभग एक फुट ऊंचा था। पटरियां, नल और लकड़ी के टुकड़े पानी के साथ बहकर इन्क्लाइन में आ रहे थे। ऊपर जाते हुए मैं एक मैन-होल के पास आया। मैंने उसमें शरण ली और केदार सिंह भी उसी वक्त उसी मैनहोल में आ गया। मैंने देखा कि श्री केदार सिंह मैनहोल के बाहर ही गिर पड़ा था। वास्तव में मैंने ही उसे मैनहोल में खींचा था। जब हम मैनहोल में थे, इन्क्लाइन में पानी की ऊंचाई बढ़ गई थी। हम मैनहोल में लगभग आध घन्टे तक रहे जब पानी की सतह इन्क्लाइन में नीचे आ गई तो हम दोनों मैनहोल से बाहर आये और हमने ऊपर जाना प्रारम्भ किया। जब हम दूर गये तो हमें माइनिंग सरदार और ओवर मैन मिले जिनका नाम हमें मालूम नहीं है। वे कह रहे थे कि वे माइनिंग सरदार और ओवर मैन हैं। उन्होंने हमें बताया कि वे वहां थे और उन्होंने हमें ऊपर इन्क्लाइन में जाने के लिए कहा। जब हम इन दो व्यक्तियों को मिले तो वे हमें इन्क्लाइन के ही रास्ते से नहीं बल्कि दूसरे रास्ते से ऊपर भूमि पर ले गये। जब हम इन दो व्यक्तियों को मिल चुके तो इन्क्लाइन से अभी भी पानी आ रहा था इन्क्लाइन में पानी की गहराई उस समय लगभग 6 इंच थी। उसके बाद हम इन्क्लाइन से बाहर आ गये।"

43. खनन सरदार और ओवर मैन, जिनके नाम को श्री राज मंगल यादव उस समय नहीं जानता था श्री वशिष्ट सिंह और श्री एस० डी० सिंह (दोनों की ही न्यायालय में गवाह के रूप में पूछताछ की गई) थे। श्री केदार प्रसाद सिंह और श्री राज मंगल यादव ने जो गवाहियां दी हैं उनकी भूमि के नीचे जो कुछ हुआ था, उसके सम्बन्ध में श्री वशिष्ट सिंह द्वारा पूर्णतः पुष्टि होती है। श्री वशिष्ट सिंह के अनुसार डा० आर० एस० राय ने उसे 4-4-76 को कहा था कि वह इन्क्लाइन में दूसरे दिन कार्य करें और इसलिए दुर्घटना की तारीख को वह लगभग साढ़े सात बजे सुबह काम करने के लिए गया था। श्री एस० डी० सिंह, ओवरमैन ने कहा था कि इन्क्लाइन में और जमीन के नीचे काम किया हुआ होगा और ओवरमैन ने श्री वशिष्ट सिंह और अन्य श्रमिकों को नीचे इन्क्लाइन नं० 4 में जाने के लिए उसकी ए स्तर पर प्रतीक्षा करने के लिए कहा। श्रमिक लगभग 8 बजे सुबह नीचे गये और 'ए' स्तर पर रुक गए। श्री एस० डी० सिंह आकर श्रमिकों से मिल चुके थे तथा वे और श्री वशिष्ट सिंह और नीचे चले गये थे। कुछ व्यक्ति सतह से पाइपों को लाने के लिए पीछे छोड़ दिये गये थे। इन पाइपों की आवश्यकता पम्पों के लिये थी। श्री वशिष्ट सिंह नीचे कहां गये और उसके बाद क्या हुआ, यह उन्हीं के शब्दों में निम्न प्रकार है—

"मैं नीचे 'जे' स्तर तक श्री रतन बोड़ी, लाइन मिस्त्री के साथ गया था क्योंकि हमें लाइन बनानी थी। श्री एस० डी० सिंह टिम्बर, मिस्त्री के साथ जिसका नाम श्री दुर्गाप्रसाद तिवारी था, मेहराबों को अवलम्ब देने के लिये और नीचे गया था। मैं 9 बजे सुबह 'जे' स्तर पर पहुंचा। लगभग 11 बजे सुबह मैंने दो व्यक्तियों को ऊपर से आते हुए देखा, जिनको मैं पहले से नहीं जानता था। एक ने चश्मा पहने हुए था और दूसरे ने पूरी पतलून पहनी हुई थी। जिस सज्जन ने चश्मे लगाये हुए थे वह और नीचे गया और जिस आदमी ने सफेद पेन्ट पहनी हुई थी उसे इन्क्लाइन में और नीचे जाने के लिए मुझे सहायता देनी पड़ी। मैंने इस सज्जन से यह पूछा था कि वे कौन हैं लेकिन उसने कोई उत्तर नहीं दिया। लाइन मिस्त्री ने मुझे सूचित किया था कि यह सज्जन सर्वेक्षक थे और उनका नाम बनर्जी बाबू था। उन्होंने मुझे बताया कि दूसरे सज्जन जिन्होंने चश्मा पहना हुआ था राय चौधरी बाबू हैं। कुछ अन्य व्यक्ति सर्वेक्षण कार्य के लिए साज-सामान लेकर आये थे और वे 'जे' स्तर से जहां पर मैं काम कर रहा था, बहुत नीचे चले गये। श्री एस० डी० सिंह 'जे' स्तर तक आ पहुंचे थे और उन्होंने मुझे यह कहा था कि हम में से एक व्यक्ति का नीचे जाना और सर्वेक्षकों की सहायता करना आवश्यक है तथा मुझे यह कहा गया कि मैं जाऊं और चाय पी के नीचे चला जाऊं ताकि मैं वहां जाकर सर्वेक्षकों को सहायता पहुंचा सकूं। वास्तव में हम में से कोई भी ऊपर नहीं गया और सच्चाई यह है कि हम 'जे' स्तर पर

श्री एस० डी० सिंह के साथ ठहर गये । सर्वेक्षकों के चेनमैन ने कहा था कि लट्ठों का फैंका जाना बन्द किया जाना चाहिए अन्यथा वे लुढ़क कर नीचे आ जायेंगे और नीचे के व्यक्तियों को चोट पहुंचायेंगे । इसलिए हमने 'जे' स्तर पर काम करना बन्द कर दिया था । हमने यह पूछताछ की कि सर्वेक्षक कितना समय लेंगे ताकि हम 'जे' स्तर पर अपना काम जारी रख सकें और हमें यह सूचित किया गया कि इस बारे में निश्चित रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता । इसलिए श्री एस० डी० सिंह अन्य श्रमिकों के साथ बाहर आये जब कि मैं नीचे के स्तर पर सर्वेक्षकों और उनके आदमियों की मदद के लिए नीचे गया । जब कि सर्वेक्षक और उनके आदमी 'के' स्तर पर काम कर रहे थे, उनका चेनमैन 'जे' स्तर से थोड़ा नीचे केन्द्रीय लाइन को फिक्स कर रहा था । मैं मेहराब जो कि नं० 4 इन्क्लाइन और 'के' स्तर के संगम पर स्थापित की गई थी उससे थोड़ा ऊपर खड़ा था । एक बजे दिन के थोड़ी देर बाद यह चेनमैन 'जे' स्तर से थोड़ा नीचे था, चिल्लाया कि इन्क्लाइन में पानी बहकर आ रहा है मैंने उन लोगों को जो मेरे नीचे थे इस चेतावनी के बारे में सूचित किया और मैंने अपना सुरक्षा लेम्प लिया और इन्क्लाइन से होता हुआ ऊपर की ओर चल पड़ा । जब मैं इस चेनमैन से लगभग 20 फुट नीचे था तो मैंने देखा कि पानी के साथ शिलाखण्ड बहकर इन्क्लाइन में बहते आ रहे हैं और मैंने चेनमैन को चिल्लाकर कहा कि उसे भागकर ऊपर चला जाना चाहिए नीचे देखने पर मुझे ज्ञात हुआ कि एक आदमी मेहराब को पकड़े हुए ऊपर आने की कोशिश कर रहा था और कुछ अन्य व्यक्ति भी एक-दूसरे को पकड़ते हुए ऊपर आने का प्रयास कर रहे थे । यह मैं अपने कैप लेम्प की सहायता से देख सका था । मैंने 'जे' स्तर से भागना प्रारम्भ किया और जब मैं लगभग 'डी' स्तर तक आ पहुंचा तो पानी का बहाव और अधिक था और मैं पटरी पकड़ कर ऊपर आया क्योंकि पटरी इन्क्लाइन के फर्श से ऊपर थी । मैं सुरक्षा लेम्प दांतों से पकड़े हुए था और इस प्रकार मैं इन्क्लाइन नं० 4 में पटरी की सहायता से ऊपर जाने में सफल हुआ । जब मैं उस स्थान पर पहुंच गया जहां से पानी नीचे आ रहा था तो मुझे मालूम हुआ कि पटरियां भी बहकर इन्क्लाइन में आ गयी थीं । मैंने यह देखा कि पानी के बहाव ने इन्क्लाइन को भर दिया है और मैं बाहर आ गया तथा दफ्तर में चला गया ।"

44. कार्यालय में, वशिष्ट सिंह, श्री एस० डी० सिंह, सहायता प्रबन्धक को मिला, जिन्हें उसने सारी बात कह सुनाई कि नीचे क्या क्या गुजर चुका है और उनसे सहायता की मांग की । उसके तुरन्त बाद वह पुनः इन्क्लाइन में गया । उसके साथ श्री एस० डी० सिंह ओवर मैन भी था । उसके बाद क्या हुआ, यह श्री वशिष्ट सिंह ने स्वयं निम्न प्रकार से स्वयं बताया है :—

"जब पानी कम होने लगा तो मैं और श्री एस० डी० सिंह और नीचे 'सी' स्तर तक अथवा उससे भी नीचे गये । मैंने जलते हुए दो कैप लेम्प देखे और दो आदमियों को भी देखा । इनमें से एक खड़ा था और दूसरा नीचे गिर पड़ा था । मैं नीचे गया और मैंने उस आदमी को उठाया और ऊपर आने में उसे सहायता दी । बाद को मुझे मालूम हुआ कि उसका नाम श्री केवार सिंह था । दूसरा व्यक्ति जो पहले से खड़ा था स्वयं ऊपर आ गया । बाद को मुझे मालूम हुआ कि यह आदमी श्री राज मंगल यादव था । जब हम सब इन्क्लाइन के मुख पर आ गये तो मैंने वहां बहादुरी साहिब, सरकार साहिब और राय साहिब को देखा । सुरक्षा कार्य के लिए एक मोटी रस्सी नीचे लुढ़का दी गयी । इस समय तक बचाव दल भी आ पहुंचा था । मैं नीचे बचाव कार्य में सहायता देने के लिए 'के' स्तर तक गया था । मैंने खुले हुए लकड़ी के डण्डे आदि कई वस्तुएं 'के' स्तर पर और इन्क्लाइन में देखीं । 'के' स्तर से मैं बाहर गया और मुझे पुनः बहादुरी साहिब ने सहायता कार्य के लिए नीचे जाने को कहा । रस्सी के सहारे से मैं कुछ दूर तक नीचे गया लेकिन तब मुझे यह पता चला कि हमारे जीवन के लिए संकट है और इसलिये मैं और अन्य व्यक्ति 'सी' स्तर के साथ पूर्व दिशा की ओर दौड़े और हमने वहां अपने को छिपा लिया । लगभग 9 बजे शाम को हमें यह सूचित किया गया कि हम वापस आ सकते हैं और इसलिये उस समय मैं बाहर आया । इन्क्लाइन के मुख से हमें एक पुलिस की गाड़ी में ऑफिसर्स कालोनी में ले जाया गया । उस समय डा० राय भी हमारे साथ थे । मैं और श्री एस० डी० सिंह सारी रात ऑफिसर्स कालोनी में रहे ।"

45. श्री वशिष्ट सिंह की गवाही का समर्थन श्री एस० डी० सिंह, ओवर मैन द्वारा किया गया है कि वह 'ए' स्तर तक नीचे गया था और वहां उपस्थित अन्य श्रमिकों के साथ श्री वशिष्ट सिंह से मिला था । उसके बाद क्या हुआ वह श्री एस० डी० सिंह द्वारा निम्न प्रकार से वर्णित है :—

"मैंने उन श्रमिकों को जो पाइपों को नीचे ले जाने के लिए तैनात किये गये थे यह कहा कि वे पाइपों को नीचे के स्तर में ले जायें क्योंकि वहां पाइपों की बड़ी आवश्यकता थी । जी स्तर पर, मैंने कुछ श्रमिक छोड़ दिये थे ताकि वे कोंगिंग स्लीपरों को नीचे ले जा सकें । जे और के स्तर के बीच मैंने श्री वशिष्ट सिंह को कहा कि वे वहां लाइन विस्तार के कार्य की देखभाल करें । मैं नीचे के स्तर पर गया और लगभग 11 बजे सुबह वहां सर्वेक्षक आ पहुंचे थे । मैं एक सर्वेक्षक को जानता था जिनका नाम बनर्जी बाबू था । उन्होंने सर्वेक्षण कार्य के लिए अपने औजार ठीक जमा लिये थे । एक यंत्र जे स्तर पर मेन डिप के मध्य में लगाया गया था । दूसरा के स्तर पर मेन डिप के साथ उसके जंक्शन के पश्चिम की ओर लगाया गया था । जब हमारा अवलम्बन कार्य पूरा हो गया तो मैंने कुत्ता मिस्त्री (प्रोप मिस्त्री) को जे स्तर पर किसी और कार्य के लिये आने को कहा । मैंने सर्वेक्षकों से यह मालूम किया कि वे अपना कार्य कितनी देर में कर लेंगे तो उन्होंने मुझे बताया कि वे चार या पांच घंटे कार्य करेंगे और इसलिये मैं जे स्तर तक गया और श्री वशिष्ट सिंह से वहां मिला । मैंने श्री वशिष्ट सिंह को कहा कि चूंकि सर्वे कार्य चल रहा है, अतएव हम में से एक को पीछे रुकना है । मैंने सुझाव दिया कि या तो वह या मुझे सर्वेक्षकों के साथ भूमि के नीचे ठहरना चाहिए । श्री वशिष्ट सिंह ने सुझाव दिया कि वह ठहरेगा और यह कि मैं अन्य व्यक्तियों के साथ ऊपर जा सकता हूं । इसलिये श्री वशिष्ट सिंह पीछे रह गया और मैं और अन्य व्यक्ति ऊपर आ गये । मैंने श्री वशिष्ट सिंह को नीचे के स्तर तक भेजा था । मेरा श्री वशिष्ट सिंह से लगभग एक बजे दिन में बात हुई थी । जब मैं और अन्य व्यक्ति जी स्तर पर आये तो मैंने देखा कि पाइपों को उतारने वाला गेंग चार पाइपों के साथ नीचे आ रहा था । वे जी स्तर पर ठहरे हुए थे । मैंने इस गेंग को कहा कि दिन का एक बजा है और अभी तक उन्होंने के स्तर पर पाइप नहीं उतारे हैं । गेंग के कुछ व्यक्ति पाइपों के साथ तुरन्त नीचे जाने के लिए रजामंद थे और दूसरे इससे रजामंद नहीं थे और इसलिये हम कुछ मिनटों के लिये जी स्तर पर रुक गये । लगभग सवा बजे दिन में जब हम जी स्तर पर थे तो हमने पानी के नीचे आने की आवाज सुनी । मैंने देखा कि पानी इन्क्लाइन से ठीक जी स्तर तक नीचे आ रहा है । मैंने जी स्तर पर रुके गेंग को कहा कि पानी के साथ चट्टानें बड़े-बड़े पत्थर और अन्य चीजें बह कर नीचे आ सकती हैं और इसलिये उन्हें ऊपर जाकर डी स्तर पर जहां कहीं शरण मिल सके, शरण ले लेनी चाहिए । जहां तक मुझे मालूम है ये लोग सीधे जी स्तर से भाग कर ऊपर गये । जब मैं डी स्तर पर आया तो वहां मुझे टिम्बर मिस्त्री मिला । उसने कहा कि अन्य व्यक्ति ऊपर इन्क्लाइन में चले गये हैं, लेकिन चूंकि उसका लैंप काम नहीं कर रहा था । अतः वह नहीं जा सका । डी स्तर से मैंने तथा टिम्बर

मिस्त्री ने आड़े मार्ग से दूसरा रास्ता पकड़ा जो कि इन्क्लाइन नं० 4 से नहीं जाता था और जब हम ए स्तर तक आ पहुंचे तो मैं इन्क्लाइन में बहते हुए पानी को देख सकता था। पानी नीचे कुछ जोर से चल रहा था। वहां से मैं तथा टिम्बर मिस्त्री इन्क्लाइन के मुख से बाहर आये और क्वैरी कार्यालय के दफ्तर में चले गये।"

46. श्री एस० डी० सिंह ने भी श्री वशिष्ट सिंह के दूसरी बार नीचे जाने जब कि वह डाक्टर आर० एस० राय और एक अन्य श्रमिक को डी स्तर पर मिला था, की गवाही की सम्पुष्टी की है। श्री एस० डी० सिंह भी श्री दीपक सरकार को लगभग जी स्तर पर मिला था। जब कि श्री एस० डी० सिंह इस स्थान पर था तो डा० राय और अन्य श्रमिक जो कि उनके साथ थे नीचे से ऊपर आये थे और डा० राय ने कहा था कि तीन मृत शरीरों को नीचे देखा जा सकता है और यह कि उन तीनों का ठौर ठिकाना मालूम नहीं है। श्री एस० डी० सिंह को भी उस रात सुरक्षा के लिए ओफिसर कोलोनी में ले जाया गया और उस रात वे वहीं ठहरे।

47. श्री केदार प्रसाद सिंह, श्री राज मंगल यादव के साक्ष्य में ध्यान देने योग्य एक महत्वपूर्ण नुकता पानी के जोर के बारे में है जो दुर्घटना घटने के समय इन्क्लाइन संख्या 4 में अवश्य आया होगा। श्री केदार प्रसाद सिंह ने कहा था कि उसने ऊपर से इन्क्लाइन में बहती हुई लोहे की पटरियां देखी थीं और लकड़ी के टुकड़े वर्षा पाइप भी नीचे आ रहे थे। नं० 4 के बीच बहने वाले पानी की गहराई जी स्तर में लगभग 18 इंच थी। श्री राज मंगल यादव के अनुसार, जब वह भूमि के नीचे की खदान में गैलरी के अन्दर काम कर रहा था, उसने इन्क्लाइन से ऊपर भागना शुरू किया जब पानी नीचे आया और उस समय पानी की ऊंचाई लगभग एक फुट थी और पटरियां, बलन व लकड़ी के टुकड़े नीचे आ रहे थे, जब वह मैन-होल में था, इन्क्लाइन में पानी की ऊंचाई बढ़ गई थी और उसने तथा श्री केदार प्रसाद सिंह ने लगभग आधा घंटे के लिये मैन-होल में शरण ली। उसके बाद पानी का बहाव कम हो गया था। जब पानी नीचे इन्क्लाइन से होकर आ रहा था तो श्री वशिष्ठ सिंह उस मेहराब से कुछ ऊपर खड़ा था जो नं० 4 इन्क्लाइन व के स्तर के संगम पर स्थापित की गई थी। जब वह जे स्तर के निकट तक गया था तो उसने देखा कि पानी के साथ इन्क्लाइन में शिलाखंड बहकर आ रहे हैं। श्री वशिष्ठ सिंह ने जे स्तर से ऊपर भागना शुरू किया था और जब वह लगभग डी स्तर तक आ पहुंचा था तो पानी का बहाव बढ़ गया था और वह केवल पटरियां पकड़ कर ऊपर जा सका था जो कि इन्क्लाइन के फर्श से ऊपर थीं। जब वह उस स्थान तक पहुंच गया जहां से पानी नीचे इन्क्लाइन 4 में आ रहा था तो उसने देखा था कि पटरियां भी बहकर इन्क्लाइन में आ गई थीं। उसने देखा था कि सारी इन्क्लाइन में पानी भर गया था और उसने नीचे जाने वाले पानी की मात्रा को भी इंगित किया था।

48. उपर्युक्त साक्ष्य इस तथ्य का स्पष्ट संकेत है कि नं० 4 इन्क्लाइन में पानी की एक विशाल मात्रा बड़े वेग से लगभग डेढ़ बजे दिन में पहुंच चुकी थी और उसके साथ लकड़ी व लोहे की चीजें भी बह रही थीं। इस समय यहां यह उल्लेखनीय है कि जैसा कि श्री एस० एन० मिश्र ने बयान दिया है कि दुर्घटना घटने के समय जहां क्वैरी से बी स्तर पर पानी गिरा होगा। उस स्थान और इन्क्लाइन नं० 4 के स्तर के जंक्शन जो कि पूर्व की ओर है की दूरी लगभग 200 फीट थी। प्रदर्श 2/3 जो कि पैमाने पर है, से यह दूरी 300 फुट से कम मालूम नहीं पड़ेगी। इसलिये, क्वैरी से भूमि के नीचे की खदान पर गिरने वाली पानी की मात्रा ऐसी थी कि वह किसी अन्य दिशा में जाने के अतिरिक्त पूर्व की ओर लगभग 300 फीट तक गुजरकर इन्क्लाइन 4 में पहुंचा और नीचे इन्क्लाइन में इस प्रकार पहुंचा जैसा कि गवाह ने बयान किया है और उसमें जैसा ऊपर उल्लेख किया जा चुका है, विध्वंश हो गया।

49. पक्षकार नं० 8 की ओर से एक प्लान, जिसे प्रदर्श बी /1 अंकित किया गया है प्रस्तुत किया गया है और जिसका उल्लेख "पानी के घुसने से दिनांक 5-4-1976 को हुई दुर्घटना से हुए विध्वंश का नक्शा" के रूप में किया गया है। इसमें उस विध्वंश का चित्र खींचा गया है जो इन्क्लाइन संख्या 4 और उसके आस-पास के स्थान में जलप्लावित होने के कारण हुआ है। इस नक्शे से इस निष्कर्ष की पुष्टि हो जाती है कि जल की एक विशाल राशि बह कर नीचे आई होगी, अन्यथा इतना विध्वंश न हुआ होता जिसके परिणामस्वरूप 5 व्यक्तियों की अभाग्यवश मृत्यु हो गई।

पानी का भूमि के नीचे 5-4-76 को गिरने का प्रभाव :

50. दिनांक 5 अप्रैल, 1976 को नीचे गिरने वाले पानी की शक्ति का दूसरा पहलू निम्नलिखित से विदित होगा और इसके लिए मैं उन निर्देशों पर वापस जाता हूं जो खान सुरक्षा निदेशालय ने दिनांक 27 दिसम्बर, 1975 की पहली दुर्घटना के पश्चात् 3/4 इन्क्लाइन के भूमि के नीचे की खदान अलगाव के संबंध में एतिहात बरतने के लिए जारी किये थे। मैंने पहले ही इस संबंध में एक दस्तावेज प्र० जे, दिनांक 8-1-1976 का उल्लेख किया है जिसमें सतह पर उठाये जाने वाले कदमों से संबंधित सलाह दी गई थी। प्रदर्श जे का संबंधित भाग 3/4 इन्क्लाइन में होने वाले भूमि की नीचे की खान के संबंध में निम्न प्रकार है :—

> "इन्क्लाइनों को हवा पहुंचाने वाले एयर सर्कट से नं० 3 और 4 इन्क्लाइन के बीच की खदानों को अलग करने के लिये, यह सुझाव दिया जाता है कि निम्नलिखित काय किये जायेंगे। क (1) नं० बी तथा नं० 3 व नं० 4 इन्क्लाइन (क्रोस-कट) से सम्बद्ध अन्य क्रमिक स्तरों की खदानों को सैंड बैग स्टोपिंग्स/कोसगेटेड आयरन शीट स्टोपिंग्स द्वारा सील किया जायेगा। हवा के नमूनों को नियमित रूप से एकत्र करने के लिये स्टोपिंग्स में सैंपलिंग पाइप छोड़ दिये जायेंगे।"

51. इस सन्दर्भ में भी प्रबंधकों के सर्वेक्षक, श्री एस० एन० सक्सेना, से कुछ प्रश्न किये गये थे, जिनके संबंध में यहां उल्लेख किया जाये। इन्होंने कहा है कि 27-12-1975 को हुई दुर्घटना के बाद उन्होंने स्तरों पर नं० 3 और 4 इन्क्लाइनों के छिद्रों के विसंपर्कन के लिए भूमि के नीचे सैंड बैग स्टोपिंग्स और कोसगेटेड-शीट स्टोपिंग्स बनाए, जैसा कि तकनीकी समिति ने इच्छा प्रकट की थी। श्री मिश्रा को यह पूछा गया था कि उन्होंने भूमि के नीचे नं० 4 इन्क्लाइन के निकट, दिनांक 5-4-76 की दुर्घटना के पहले व बाद में ए स्तर के अपने निरीक्षणों पर क्या अन्तर नोट किया था। उनका उत्तर था कि नं० 4 इन्क्लाइन के निकट ए स्तर रेत से भरा था और पश्चिम से पूर्व को नं० 4 इन्क्लाइन में कोई गमन-मार्ग नहीं था। श्री मिश्रा के अनुसार, बी स्तर की स्थिति भी ऐसी ही थी। जहां तक सी स्तर का प्रश्न है, उन्होंने कहा कि कुछ गमन-मार्ग था जिनसे उन्होंने व उनकी पार्टी ने बन्द कर दिया था। उनके अनुसार, आगे नं० 4 इन्क्लाइन के पश्चिम में ए से लेकर के स्तरों में कुछ रोधक में और नं० 4 इन्क्लाइन से कुछ रोधक उन्होंने और उनकी पार्टी ने पूर्व से पश्चिम की हवा के संचरण को रोकने के लिए बनाए थे। दुर्घटना के बाद की स्थिति के बारे में श्री मिश्रा द्वारा दी गई गवाही, जिसका उल्लेख पहले किया जा चुका है, स्पष्ट रूप से यह बताती है कि जब क्वैटी वेड से दिनांक 5-4-1976 की दुर्घटना के समय पानी खाली हो गया था तो इसने उस स्थान जहां से बी या सी स्तर पर पानी गिराया था और नं० 4 इन्क्लाइन के जंक्शन के बीच के अवरोधों को हटा दिया गया था। इन दो स्थानों के बीच के साधारण ढंग के नहीं रहे होंगे और पूर्व की ओर बी या सी स्तर से होकर इन्क्लाइन 4 में लगने वाले पानी के जोर की कल्पना की जा सकती है। इस पर अवश्य ही विचार किया जाना चाहिए, विशेष रूप से जब कि तथाकथित 'कुंए' से अथवा 27-12-1975 के बाद स्थापित पाइपों से स्तर पर पड़ने वाले पानी का सामान्य प्रभाव पश्चिम की ओर था, अर्थात् कहा जा सकता है कि नं० 3 इन्क्लाइन की ओर था, पूर्व की ओर इन्क्लाइन चार की ओर नहीं। दुर्घटना के समय, 5-4-1976 को बनाए गए सुराख से पानी

एक अपरिमित मात्रा में अवश्य गिरा होगा जो पूर्व की ओर बहकर इन्क्लाइन 4 में गया होगा। इस पानी ने अवरोधों को हटा दिया होगा और यह अपने साथ पटरियां आदि बहा लाया होगा, जिसके बारे में कि गवाहों ने बयान दिए हैं। एकत्र हुए पानी ने 5-4-1976 को क्वेरी बैड में सतह पर जो कोटर बनाया था, उसका वर्णन श्री दीपक सरकार ने निम्न प्रकार किया है :—

"सूराख धंस गया और एक बड़ा कोयले का खण्ड जो कि पार्श्व में लटक रहा था, लुढ़क गया और एक बड़ा गड्ढा बन गया"

52. उनके अनुसार, आगे धंसाव के कारण शिखर का सरकाव नीचे की ओर लगभग 6-7 फुट था। श्री दीपक सरकार ने भी कहा है कि वे दुर्घटना के तुरन्त बाद इन्क्लाइन 4 से भूमि के नीचे गए थे और जब वे नीचे जा रहे थे तो उन्हें यह मालूम हुआ कि ठीक जो स्तर से ऊपर एक बहुत बड़ा कोयले का खंड फिसला। छुट्टी से लौटने के बाद 15 और 16 अप्रैल, 1976 या इसके आस-पास डा० आर० एस० राय भूमि के नीचे खदान में गये थे और उन्होंने ए स्तर पर पैकवालों को बिल्कुल बहा हुआ पाया था। विभिन्न लोगों से उन्हें जो पता चला उससे वे इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि दुर्घटना के समय ए स्तर पर एक बड़ी छत गिर पड़ी थी, जिसके कारण एअर ब्लास्ट हुआ था और हवा व पानी के दबाव में यकायक वृद्धि हुई थी।

भूमि के नीचे की खदानों में 5-4-1976 को 3/4 इन्क्लाइन का प्रबंधक कौन था ?

53. संबंधित अधिकारियों के दायित्वों को अभिनिश्चित करने से पहले, डा० आर० एस० राय की 5-4-1976 की स्थिति के संबंध में एक विवाद के संबंध में निर्णय लिया जाना है। विवादास्पद प्रश्न यह है कि क्या डा० आर० एस० राय दिनांक 5-4-1976 को 3/4 इन्क्लाइन की भूमि के नीचे की खदानों के मैनेजर थे या नहीं। मेरा ध्यान कोयला खान विनियम, 1957 के कुछ उपबन्धों पर दिलाया गया है और इस नुक्ते पर विस्तृत मौखिक साक्ष्य अभिलेख में आया है।

54. उपर्युक्त विनियम 8, 30-31 (4) और 31(7) हैं जो इस प्रकार हैं :—

विनियम 8, स्वामित्व और पत्तों आदि में परिवर्तन

(1) (क) जब किसी खान के स्वामित्व अथवा मालिक के पते में कोई परिवर्तन होता है तो एजेन्ट अथवा प्रबंधक परिवर्तन होने की तारीख से सात दिन के अन्दर मुख्य निरीक्षक और क्षेत्रीय निरीक्षक को प्रपत्र 1 में नोटिस देगा :

बशर्ते कि जहां खान का मालिक (XXX) कोई/फर्म या व्यक्तियों का कोई एसोसिएशन हो, तो कोई परिवर्तन जो

(1) किसी फर्म के मामले में किसी भागीदार;

(2) किसी एसोसिएशन के मामले में किसी सदस्य;

(3) प्राइवेट कम्पनी के मामले में किसी निदेशक; अथवा

(4) किसी प्राइवेट कम्पनी के मामले में किसी भागीदार के संबंध में हो, उसकी सूचना मुख्य खान निरीक्षक और क्षेत्रीय निरीक्षक के परिवर्तन की तारीख से सात दिन के अन्दर देनी होगी।

(ख) जब किसी खान के स्वामित्व का हस्तान्तरण होता है तो पिछला मालिक अथवा उसका एजेन्ट नए मालिक अथवा उसके एजेन्ट को, स्वामित्व के हस्तान्तरण से सात दिन के अन्दर अधिनियम व विनियमों तथा उनके अधीन जारी किए गए आदेशों के अनुसरण में रखे गए सभी प्लानों, सेक्शनों, रिपोर्टों, रजिस्टरों और अभिलेखों, तथा खान के कार्य से संबंधित समस्त पत्राचार सौंपेगा और जब इस खण्ड की अपेक्षाएं विधिवत रूप से पूरी हो जाएंगी तो पिछले एवं नए मालिक अथवा उनके अपने-अपने एजेन्ट लिखित रूप से तुरन्त मुख्य निरीक्षक तथा क्षेत्रीय निरीक्षकों को सूचित करेंगे।

(2) जब किसी एजेन्ट प्रबंधक, इंजीनियर सर्वेक्षक, संस्थापन अधिकारी, सुरक्षा अधिकारी, अवर प्रबंधक अथवा सहायक प्रबंधक की कोई नियुक्ति की जाती है, अथवा जब इनमें से किसी व्यक्ति की सेवा समाप्त की जाती है या ऐसा कोई व्यक्ति उक्त नौकरी को छोड़ देता है तो अथवा जब किसी एजेन्ट या प्रबंधक के पते में परिवर्तन होता है तो मालिक, एजेन्ट या प्रबंधक, ऐसी नियुक्ति, सेवा समाप्ति या परिवर्तन के संबंध में मुख्य खान निरीक्षक और क्षेत्रीय निरीक्षक को प्रपत्र 2 में नोटिस देगा।

विनियम 30 : परिभाषाएं इस अध्याय के प्रयोजन के लिए :

(क) भूमि के नीचे के कार्य की प्रत्येक प्रणाली जो इस तरह से आपस में संबंध हो कि उस प्रणाली के किसी भी एक भाग से किसी भी दूसरे भाग में भूमि के नीचे गैलरियों, रास्तों अथवा डिप्टों से संचार व्यावहारिक हो तो वह एक खान समझी जाएगी, यदि भूमि के नीचे के ऐसे कार्य-स्थलों की एक प्रणाली से ऐसी दूसरी प्रणाली में जाना व्यावहारिक न हो तो प्रत्येक एक प्रणाली एक अलग खान समझी जाएगी।

बशर्ते कि भूमि के नीचे के कार्य-स्थलों की दो या अधिक प्रणालियां जो एक ही मालिक की न हों, और किसी विशेष कारण से वे आपस में सम्बद्ध हों, तो प्रत्येक प्रणाली एक अलग खान समझी जाएगी :

आगे बशर्ते कि जहां विशेष स्थितियां विद्यमान हों, मुख्य निरीक्षक, लिखित रूप में आदेश देकर और ऐसी परिस्थितियों के अध्यधीन जो वहां निर्दिष्ट की जायें, ऐसी किसी एक प्रणाली को दो या अधिक अलग-अलग खानों में विभाजन की अनुमति दे सकता है या अपेक्षा कर सकता है।

(ख) "औसत उत्पादन" पदावली का अर्थ है विगत तिमाही के दौरान खान या खानों के कुल उत्पादन का औसत प्रतिमाह

विनियम प्रबंधकों की अर्हताएं और नियुक्ति

(4) न तो कोई व्यक्ति एक से अधिक खान के प्रबंधक का कार्य करेगा अथवा न उसे इसके लिए नियुक्त किया जा सकेगा सिवाय इसके कि ऐसा मुख्य निरीक्षक की लिखित रूप में पूर्व अनुमति और ऐसी स्थितियों में संभव होगा जो उसमें वर्णित हों। ऐसी किसी अनुमति का पुनर्नवीन किये बिना 12 महीने से अधिक की अवधि पर कोई प्रभाव नहीं होगा। यदि वे परिस्थितियां जिनके अधीन अनुमति स्वीकृत हुई थी, बदल गई हों अथवा मुख्य निरीक्षक को यह पता चलता है कि प्रबंधक अपने कार्य-भार के अधीन खानों का कारगर ढंग से पर्यवेक्षण नहीं कर सकता तो मुख्य खान निरीक्षक किसी भी समय लिखित आदेश द्वारा ऐसी अनुमति में परिवर्तन कर सकता है या उसे मंजूर कर सकता है।

7 (क) जहां अनुपस्थिति के कारण अथवा किसी अन्य कारण से, प्रबंधक दैनिक व्यक्ति पर्यवेक्षण करने में समर्थ न हो अथवा अधिनियम या इन विनियमों या उनके अधीन जारी किए गए आदेशों के अधीन अपने कर्तव्यों का पालन करने में असमर्थ हो तो मालिक एजेंट अथवा प्रबंधक लिखित रूप में किसी व्यक्ति को जिसे वह सक्षम समझता है, खान के प्रबंधक के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत कर सकता है।

बशर्ते कि—

(1) ऐसे व्यक्ति के पास मैनेजर का या ओवर मैन का प्रमाण-पत्र हो ;

(2) ऐसे किसी प्राधिकार का 30 दिन की अवधि के बाद प्रभाव नहीं होगा सिवाय मुख्य निरीक्षक की पिछली लिखित अनुमति के और ऐसी स्थितियों के अध्यधीन जो उसमें वर्णित हों ।

(3) मालिक, एजेन्ट या प्रबंधक, जैसी भी स्थिति हो, तुरन्त लिखित नोटिस रजिस्ट्री डाक से मुख्य निरीक्षक और क्षेत्रीय निरीक्षक

को भेजेगा जिसमें यह सूचित किया जाएगा कि ऐसा प्राधिकार दे दिया गया है और प्राधिकार का कारण, प्राधिकृत व्यक्ति की अर्हताएं और अनुभव एवं प्राधिकार के प्रारम्भ होने तथा समाप्त होने की तारीखें भी उल्लिखित की जायेंगी।

(4) मुख्य निरीक्षक अथवा क्षेत्रीय निरीक्षक, उप विनियम (2) में निर्दिष्ट अर्हताओं वाले व्यक्ति के मामले को छोड़कर ऐसे स्वीकृत प्राधिकार को लिखित आदेश द्वारा मन्सूख कर सकता है।

(ख) इस प्रकार प्राधिकृत व्यक्ति के ऐसे प्राधिकार के दौरान, वही दायित्व होंगे और उन्हीं कर्तव्यों का वह निर्वहन करेगा जो कि प्रबंधक के तथा उसकी वही दायिताएं होंगी जो कि प्रबंधक की होती हैं।

55. जांच न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत हमारा दृष्टिकोण यह है कि 3/4 इन्क्लाइन में भूमि के नीचे के कार्य-स्थल विनियम 30 के अधीन के अन्तर्गत एक अलग खान के रूप में थे और यह कि डा० आर० एस० राय को मुख्य निरीक्षक की पिछली लिखित अनुमति द्वारा इस खान का प्रबंधक नियुक्त नहीं किया गया था, जैसा कि विनियम 31(4) में अपेक्षित था तथा चूंकि संबंधित समय पर, वह 17 विशेष सीम इन्क्लाइन खान में सात-क्रास 5 कट प्रबंधक पहले ही रह चुका है, अतएव वह 3/4 भूमिगत खानों का प्रबंधक 5-4-1970 को नहीं रहा होगा।

56 अपनी मुख्य परीक्षा में, डा० आर० एस० राय (प्रबंधक 4 पक्षकार नं० 1 द्वारा परीक्षित) ने कहा है कि नवम्बर 1974 में उन्हें चसनाला इन्क्लाइन खान (17 विशेष सीम) में प्रबंधक के रूप में जीतपुर कोयलाए-खान, जहां वह प्रथम श्रेणी सहायक प्रबंधक (मुख्य रूप से सुरक्षा अधिकारी के रूप से कार्य कर रहे थे) थे, से स्थानान्तरित किया गया था और उन्होंने चासनाला इन्क्लाइन खान (17 विशेष सीम) में प्रबंधक के रूप में 16-4-1976 तक काम करना जारी रखा। तब वे फिर जीतपुर में विशेष ड्यूटी पर प्रबंधक के रूप में स्थानान्तरित किए गए और वहां वे उसी रूप में कार्य कर रहे थे। जब पक्षकार 10 (कोयला खान ओफीसर्स एसोसिएशन आफ इंडिया) डा० आर० एस० राय से जिरह की गई तो उनका ध्यान विनियम 41(4) की ओर दिलाया गया और उन्हें पूछा गया कि क्या उन्होंने अपने नीचे के सहायक प्रबंधकों, ओवरमैनों खनन सिरदारों तथा अन्य सक्षम व्यक्तियों को 3/4 इन्क्लाइन की भूमि के नीचे की खदानों के संबंध में प्राधिकार जारी किए थे तो अनका उत्तर नकारात्मक था। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि तब तक उन्होंने खान का कार्य-भार नहीं संभाला था।

